● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 253, पृष्ठ : 08, सीधी, सोमवार , 28 अक्टूबर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



दिलजीत दोसांझ के शो से पहले ईडी का ऐक्शन 5

मनिका बत्रा का सफर क्वाटर फाइनल में हुआ समाप्त 6

- स्पोर्ट्स कॉलेज के लिए 15 करोड़ और सिंथेटिक ट्रैक के लिए 7 करोड़ स्वीकृत
- प्रधानमंत्री श्री मोदी की प्रेरणा और प्रोत्साहन से भारतवासी सभी क्षेत्रों में कर रहे हैं उपलब्धियां अर्जित

# सतना में बनेगा स्पोर्ट्स कॉलेज और सिंथेटिक ट्रैक: मुख्यमंत्री

## अनुशासन-आत्मविश्वास-बौद्धिक-प्रखरता-निडरता व एकाग्रता विकसित करने में सहायक हैं खेल

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि खेल से व्यक्तित्व में अनुशासन, आत्म-विश्वास, बौद्धिक, प्रखरता, निडरता और एकाग्रता विकसित होती है। मध्यप्रदेश ने खेलो इंडिया यूथ गेम में देश में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया, शूटिंग में प्रदेश ने 15 मेडल अर्जित किए, ओलंपिक में शामिल हुई भारत की हॉकी टीम में प्रदेश के खिलाड़ी ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रदेश में 18 खेलों की 11 राज्य अकादमियों का संचालन हो रहा है। यह प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सतना में स्पोर्ट्स कॉलेज के लिए 15 करोड़ रुपए स्वीकृत करने की घोषणा की तथा सिंथेटिक ट्रैक निर्माण के लिए 7 करोड़ रुपए भी स्वीकृत किए। साथ ही बाउंड्री वॉल और अन्य निर्माण कार्यों के संबंध में जिला कलेक्टर को निर्देश प्रदान किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सतना में अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित 35 वें अखिल भारतीय खेलकूद (एथलेटिक्स) समारोह 2024 के समापन अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 35वें अखिल भारतीय खेलकूद (एथलेटिक्स) प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किए। कार्यक्रम में अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित गतिविधियों की जानकारी भी दी गई।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अनेकों उपलब्धियां अर्जित की है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पदक विजेता खिलाड़ियों को सराहना के साथ ही सर्वश्रेष्ठ प्रयासों के बावजूद पदक प्राप्त करने से चूकने वाले खिलाड़ियों का भी उत्साहवर्धन किया। खेल हो या वैज्ञानिक अनुसंधान का क्षेत्र, प्रधानमंत्री श्री मोदी भारतीय परंपरा का अनुसरण और खेल भावना का परिचय देते हुए सभी क्षेत्रों की प्रतिभाओं को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शित करने के लिए निरंतर प्रोत्साहन प्रदान करते हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी का यह स्नेह, आशीर्वाद और मार्गदर्शन देशवासियों को सभी क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ करने के लिए प्रेरणा प्रदान कर रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत में घुड़सवारी, तीरंदाजी, तलवारबाजी, कुश्ती जैसे परंपरागत खेलों का समृद्ध इतिहास रहा है। इन कौशलों में भाई-बहनों ने समान रूप से अपनी दक्षता का प्रदर्शन किया है। रानी दुर्गावती ने तलवार के बलबूते पर 51 लड़ाइयां लड़ी और सभी में विजय श्री प्राप्त की। रानी दुर्गावती, रानी अवंतीबाई, रानी लक्ष्मीबाई और रानी अहिल्याबाई ने मातृभूमि की रक्षा और सुशासन के क्षेत्र में उदाहरण प्रस्तुत करने के साथ ही सनातन संस्कृति के विस्तार में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मकर संक्रांति, गुड़ी पड़वा, गुरु पूर्णिमा के समान ही राज्य शासन ने दशहरा भी धूमधाम से मनाया। भारतीय संस्कृति में शस्त्र और शास्त्र दोनों को समान महत्व प्रदान किया गया है। इसी भाव का प्रकटीकरण करते हुए दशहरे पर समस्त पुलिस लाइन, पुलिस थानों व शस्त्रागार में शस्त्र पूजन किया गया। भारतीय संस्कृति में त्यौहारों का विशेष महत्व है, राज्य शासन द्वारा दीपावली और गोवर्धन पूजा को भी धूमधाम से मनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारत, सर्वे भवंतु सुखिन: सर्वे संतु निरामय: के सिद्धांत पर विश्वास करते हुए जियो और जीने दो की भावना के आधार पर विश्व में शांति की प्रतिस्थापन के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में निरंतर सक्रिय है। देश के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी भारत अपनी क्षमताओं को प्रदर्शित कर रहा है।

नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने कहा कि खेल, जीवन में हार और जीत को समान भाव स्वीकार करने और खेल भावना से जीवन जीने के लिए हमें प्रेरित करते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों को उत्साह और सकारात्मक भाव से अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री लखन पटेल, सतना महापौर योगेश ताम्रकार, विद्या भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री राम तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### सीजेआई चंद्रचूड़ ने दिया हाई-टेक विदाई तोहफा

# सुप्रीम कोर्ट में सबकुछ ऑनलाइन, वॉर रूम से होगी निगरानी



**नई दिल्ली।** भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ 10 नवंबर को सेवानिवृत हो रहे हैं लेकिन वह जाते जाते देश को सुप्रीम कोर्ट के डिजिटलीकरण का एक नायाब तोहफा दे जाएंगे। अब सुप्रीम कोर्ट राउंड द क्लॉक चलता है। मुकदमों की सुनवाई छोड़ कर बाकी सारे काम जैसे केस दाखिल होना, कोर्ट फीस, फाइन जमा करना या फिर मामले में जल्दी सुनवाई के लिए सीधे चीफ जस्टिस को ईमेल भेजने की कोई समय सीमा नहीं है।

यहां तक कि तारीख पर अदालत में पहुंच कर सुनवाई में हिस्सा लेना भी जरूरी नहीं है, वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए ऑनलाइन सुनवाई में हिस्सा लिया जा सकता है। इन सुविधाओं ने सुप्रीम कोर्ट का न्याय जनता के द्वार पहुंचा दिया है। सुप्रीम कोर्ट पेपरलेस हो गया है सबकुछ ऑनलाइन है। सुप्रीम कोर्ट सहित देश की सभी अदालतों के डिजिटलीकरण का प्रोजेक्ट वैसे तो काफी दिनों से चल रहा है।

इसका पहला और दूसरा चरण पूरा हो चुका है और तीसरा चरण 2023 से शुरू हुआ है जिसके लिए भारत सरकार ने एक अगस्त को चार साल के लिए 7210 करोड़ का बजट मंजूर किया है। डिजिटलीकरण का ज्यादा श्रेय चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ को इसलिए जाता है क्योंकि इनके कार्यकाल में भी डिजिटलीकरण ने रफ्तार पकड़ी। कोरोना काल में न्याय का रथ चालू रखने के लिए देश भर की अदालतों में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए शुरू हुई सुनवाई की व्यवस्था को रुकने नहीं दिया।

कोरोना के बाद जब ज्यादातर उच्च न्यायालयों और ट्रिब्युनलों ने आनलाइन सुनवाई रोक दी थी और पुराने ढर्रे पर लौट गए थे तब चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने आनलाइन सुनवाई का भी विकल्प चालू रखने के लिए आदेश दिए थे। हालांकि अभी भी कुछ जगह ढिलाई है। सुप्रीम कोर्ट में आनलाइन व्यवस्था को व्यवधान प्रूफ बनाने के लिए काफी काम हुआ है। यहां एक बड़ा वार रूम है जहां से न सिर्फ अदालतों में चल रही सुनवाई की निगरानी होती है बल्कि परिसर में आने वाले एक एक आगंतुक की मानीटरिंग होती है। सुप्रीम कोर्ट में रोजना 17 अदालतें बैठती हैं जिनमें रोज करीब 1100 केस लिस्ट होते हैं।

### 26/11 हमले पर भी एस जयशंकर ने कही बड़ी बात

# दिन में व्यापार और रात में आतंकवाद नहीं हो सकता

**मुंबई।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद से लड़ने में भारत अग्रणी बनकर उभरा है। इसके अलावा ईरान-इजराइल तथा यूक्रेन-रूस युद्ध के संदर्भ में उन्होंने कहा कि भारत आने वाले समय में हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है।

मुंबई में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि जहां तक आतंकवाद का सवाल है, भारत ने जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। उन्होंने कहा, %मैं मुंबई में हूं, जो देश और दुनिया के लिए आतंकवाद विरोधी केंद्र बन गया है। खासकर 26/11 के आतंकवादी हमलों के बाद। जब हम यूएनएससी के सदस्य थे, तब हम आतंकवाद-रोधी समिति के अध्यक्ष थे। हमने पहली बार सुरक्षा परिषद की बैठक मुंबई के उस होटल में की थी, जहां आतंकवादी हमला हुआ था। जब दुनिया देखती है कि आतंकवाद की इस चुनौती के सामने कौन मजबूती से खड़ा है, तो लोग कहते हैं - भारत।



उन्होंने आगे कहा कि मुंबई में आतंकवादी हमला हुआ और भारत की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। उन्होंने कहा, %आज हम आतंकवाद से लड़ने में अग्रणी हैं। इस शहर पर हमला हुआ और कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई। यह हमारे लिए अच्छा नहीं है। हमें बहुत स्पष्ट होना चाहिए। हम आतंकवाद के लिए जीरो टॉलरेंस की बात करते हैं और हमें मुंबई में जो हुआ, उसे दोहराना नहीं चाहिए। यह दिन में व्यापार और रात में आतंकवाद नहीं हो सकता। यह स्वीकार नहीं किया जाएगा। विदेश मंत्री ने कहा कि हम आतंकवाद का पर्दाफाश करेंगे और फिर कार्रवाई करेंगे।

### चीन के साथ तनाव कम करने की कोशिश

चीन के साथ रिश्तों को लेकर जयशंकर ने कहा कि दोनों देशों की सेनाओं के बीच गतिरोध को समाप्त करने के लिए भारत और चीन के बीच हुए विघटन समझौते के बाद भारत तनाव कम करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। उन्होंने कहा, %भारत और चीन 21 अक्टूबर को एक विघटन समझौते पर पहुंचे, जिसके तहत दोनों देशों के सैनिक 2020 के सीमा टकराव से पहले की तरह गश्त फिर से शुरू करेंगे।

# जदयू नेता के आरोपों से नाराज तेजस्वी यादव ने भेजा मानहानि का नोटिस

**नई दिल्ली।** जदयू एमएलसी नीरज कुमार के आरोपों से बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव इतने नाराज हो गए कि उन्होंने उनको लीगल नोटिस भेज दिया। नीरज कुमार ने उन पर वेतन घोटाले का आरोप लगाया था। तेजस्वी यादव ने मानहानि का नोटिस आठ पन्नों का भेजा है। इस कानूनी नोटिस में तेजस्वी यादव ने नीरज कुमार के आरोपों को पूरी तरह झूठा और निराधार बताया है। उन्होंने 10 दिन के अंदर मानहानि के मुआवजे के तौर पर 12 करोड़ 10 लाख रुपए की मांग की है। दरअसल, नीरज कुमार ने तेजस्वी पर वेतन घोटाले का आरोप लगाया था।

# बंगाल में रवींद्र संगीत की जगह बमों की आवाजें: शाह

### हमारी 2 सीटें थी, तब भी लक्ष्य 370 हटाना था, 2026 में बंगाल में सरकार बनाएंगे

**कोलकात।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा आज बंगाल में रवींद्र संगीत की जगह बमों की आवाजें सुनाई दे रही हैं। बंगाल में राज्य सरकार घुसपैठ करा रही है। गाय और कोयले की तस्करी रोकने के लिए पश्चिम बंगाल में एक करोड़ भाजपा सदस्य बनाने होंगे। भाजपा 2026 में दो तिहाई बहुमत से पश्चिम बंगाल में सरकार बनाएगी।

जब जनता बंगाल में भारतीय जनता पार्टी से जुड़ेगी, तो बंगाल को कम्युनिस्टों और ममता दीदी के आतंक से मुक्त करने के संकल्प का भी हिस्सा बनेंगे। शाह ने रविवार को कोलकाता में भाजपा के सदस्यता अभियान की शुरुआत की। कार्यक्रम में सुवेंदु अधिकारी और मिथुन चक्रवर्ती भी मौजूद थे।



बंगाल में माताओं-बहनों की गरिमा का हनन शाह ने कहा कि बंगाल में माताओं-बहनों की गरिमा का हनन हो रहा है। संदेशखली में महिलाओं पर हमले और आरजी कर अस्पताल में एक डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की घटनाएं इस बात का सबूत हैं।

शाह ने पश्चिम बंगाल की कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि मिथुन चक्रवर्ती ने मुझे बताया था कि TMC के कार्यकर्ता भाजपा समर्थकों को वोट नहीं करने देते हैं।

साल 2021 में जीत की हैट्रिक लगाई थी पश्चिम बंगाल में विधानसभा की 294 सीटें हैं। साल 2021 के चुनाव में ञ्जरूष्ट ने जीत की हैट्रिक लगाई थी। ममता की पार्टी को 213 सीटें मिली थीं। भाजपा को 77 सीटें हासिल हुई थीं। कांग्रेस-लेफ्ट का खाता भी नहीं खुला था। साल 2016 के विधानसभा चुनाव में ञ्जरूष्ट को 211 सीटें मिली थीं। भाजपा के हिस्से केवल 3 सीटें आई थीं। पश्चिम बंगाल में 19 अप्रैल से लेकर 1 जून तक सभी सात चरणों में मतदान हुआ था।

### 14 दिनों में 350 से ज्यादा धमकियां

# 50 फ्लाइट्स को बम की धमकी

## इंडिगो की 18, विस्तारा की 17 और अकासा की 15 लाइट्स

**नई दिल्ली।** तीन इंडियन एयरलाइंस की 50 फ्लाइट्स को रविवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इनमें इंडिगो की 18, विस्तारा की 17 और अकासा की 15 फ्लाइट्स शामिल हैं। इस तरह 14 दिनों में 350 से ज्यादा डोमेस्टिक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स में बम होने की धमकी मिल चुकी है। हालांकि जांच में ये सभी धमकियां झूठी निकली हैं। उधर, केंद्र सरकार ने इन धमकियों पर सख्त रवैया अपनाया है। आईटी मिनिस्ट्री ने 26 अक्टूबर को एडवाइजरी जारी कर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से कहा कि अगर वे ऐसी झूठी सूचनाओं को फौरन नहीं हटाते हैं तो उन्हें आईटी एक्ट के तहत मिलने वाली इम्युनिटी रद्द कर दी जाएगी।



मंत्रालय ने कहा कि ऐसी सूचनाओं को तुरंत हटाकर इसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों को भी देनी होगी। पिछले दिनों प्लेन को मिली धमकियों की वजह से एयरलाइंस सर्विस बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। एविएशन मिनिस्ट्री को 600 करोड़ से ज्यादा का नुकसान हुआ है।

मंत्री बोले- धमकी देने वाले नो फ्लाइंग लिस्ट में डाले जाएंगे केंद्रीय सिविल एविएशन मिनिस्टर के राममोहन नायडू ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार बम की झूठी धमकियां देने वालों को उड़ान भरने से रोकने के लिए कदम उठाने पर विचार कर रही है। इसके लिए सरकार कानूनों में संशोधन करने पर भी विचार कर रही है। कानूनों में बदलाव किए जाएंगे। जो लोग इस तरह की गतिविधियों में शामिल होंगे, उन्हें कड़ी सजा दी जाएगी और जुर्माना लगाया जाएगा। ऐसे लोगों को नो फ्लाइंग लिस्ट में भी डाला जाएगा। हम आने वाले दिनों में इसकी घोषणा करेंगे। बम की धमकी मामले में अब तक दो पकड़े फ्लाइट में बम की झूठी धमकी देने वाले 25 साल के युवक को दिल्ली पुलिस ने 26 अक्टूबर को हिरासत में लिया था।

# एनिमेशन की दुनिया में भारत नई क्रांति करने की राह पर: पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 115वें एपिसोड में एनिमेशन सेक्टर को भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण बताया। पीएम के मुताबिक एनिमेशन और गेमिंग ने तरक्की की राह पर हमें आगे बढ़ा दिया है।

प्रधानमंत्री ने देशवासियों से दिवाली पर वोकल फॉर लोकल रहने की सलाह भी दी और आत्मनिर्भर भारत की सुनहरी तस्वीर पेश की। इस दौरान पीएम ने एनिमेशन सेक्टर की ताकत से भी रूबरू कराया।

पीएम मोदी ने कहा, एनिमेशन सेक्टर आज एक ऐसी इंडस्ट्री का रूप ले चुका है जो दूसरी इंडस्ट्री को ताकत दे रहा है। जैसे इन दिनों वीआर टूरिज्म के जरिए आप वर्चुअल टूर करके अजंता की गुफा देख सकते हैं, वाराणसी के घाटों का आनंद ले सकते हैं, कोणार्क मंदिर के कॉरिडोर में टहल सकते हैं। ये सभी वीआर एनिमेशन भारत के क्रिएटर्स ने तैयार किए हैं।



पीएम ने कहा, स्मार्ट फोन से लेकर सिनेमा स्क्रीन तक, गेमिंग कंसोल से लेकर वर्चुअल रियलिटी तक, एनिमेशन हर जगह मौजूद है। एनिमेशन की दुनिया में भारत नई क्रांति करने की राह पर है। भारत के गेमिंग स्पेस का भी तेजी से विस्तार हो रहा है। इंडियन गेम्स भी इन दिनों दुनिया भर में पॉपुलर हो रहे हैं।

पीएम ने कहा, एनिमेटर्स के साथ ही इस सेक्टर में आज गेम डेवलपर, स्टोरी टेलर, वॉइस ऑवर कलाकारों की मांग भी बढ़ती जा रही है। इसी के चलते पीएम मोदी ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा, अपनी क्रिएटिविटी को विस्तार दें, क्या पता दुनिया का अगला सुपरहिट एनिमेशन आपके कंप्यूटर से निकले, अगला फेमस गेम आपका बनाया हुआ हो सकता है। 28 अक्टूबर को वर्ल्ड एनीमेशन डे मनाया जाएगा। हम भारत को ग्लोबल एनिमेशन पावर हाउस बनाने का संकल्प लेते हैं।

मन की बात में पीएम मोदी ने टॉप गेमर्स के साथ हुई मुलाकात का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इस मुलाकात के दौरान मुझे इंडियन गेम्स की अद्भुत क्रिएटिविटी और क्वालिटी को जानने-समझने का मौका मिला। वाकई देश में क्रिएटिव एनर्जी की एक लहर चल रही है। एनिमेशन की दुनिया में मेड इन इंडिया और मेड बाय इंडियंस छाया हुआ है।

पीएम मोदी ने देशवासियों को डिजिटल अरेस्ट को लेकर सजग रहने की नसीहत दी। उन्होंने साइबर फ्रॉड से बचने के लिए रुको-सोचो-एक्शन लो का मंत्र भी दिया है। पीएम मोदी ने डिजिटल अरेस्ट के बारे में बताने से पहले इससे जुड़ा एक वीडियो दिखाया, जिसके माध्यम से उन्होंने बताया कि डिजिटल अरेस्ट की घटनाएं कैसे होती हैं। उन्होंने बताया कि फ्रॉड करने वाले पुलिस, सीबीआई, नारकोटिक्स या आरबीआई के अधिकारी बनकर लोगों को डराते हैं। इस खतरनाक खेल समझना और समझाना बहुत जरूरी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने डिजिटल अरेस्ट का फरेब करने वालों के बारे में कहा कि उनका पहला दांव होता है कि ये आपकी सारी व्यक्तिगत जानकारी जुटा कर रखते हैं। उनका दूसरा दांव भय का माहौल पैदा करने का होता है।

## पटाखा दुकानों का कलेक्टर व एसपी ने किया अवलोकन

**सिंगरौली।** कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के द्वारा संयुक्त रूप से सासन गेट नम्बर तीन के पास पटाखा दुकानो के लिए आवंटित स्थल का निरीक्षण कर आवश्य दिशा निर्देश दिये गये। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि पटाखा दुकानो का संचालन तय मानक के अनुसार ही किया जाये। पटाखा दुकाने जहा संचालित किया जा रहा है वहा पर पानी, बालू, रेत का पर्याप्त भण्डार भी सुनिश्चित किया जाये। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि पटाखा विक्रय स्थल पर उचित सख्या में फायर ब्रिगेड भी खड़ी रही साथ ही पटाखा दुकानो के बीच कम से कम तीन मीटर की दूरी सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि पटखा दुकाने अज्वलनशील शेड मे ही लगाई जाये साथ दुकानो में अग्निसमक यंत्र चालू हालत में रहे।

### कलेटर ने की स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा

## कम उत्तीर्ण दर वाले विद्यालयों के प्राचार्यो पर की जायेगी कार्यवाही

**सिंगरौली।** विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को खेल खेल में शिक्षा दी जाये ताकि विद्यालयों में छात्रो की संख्या को बड़ाया जा सके। बच्चे रुचि लेकर पड़ेंगे तभी परीक्षाओं में अच्छे अंक ला सकते है। उक्त आशय के निर्देश कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान दिया गया। बैठक के दौरान कलेक्टर ने कक्षा पहली से आठवीं एवं 9 वी से 12वीं में होने वाले नामांकन की कक्षा बार जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए की नामांकन दर सभी कक्षाओं के लिए 100 प्रतिशत होना चाहिए। तथा जिन स्कूलों में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों की संख्या कम हो ऐसे स्कूलों को चिन्हित संबंधित शिक्षकों के विरुद्ध नियम अनुसार कार्यवाही किया जाये। नामांकन



दर को बढ़ाने के लिए शिक्षक संबंधित ग्राम पंचायतो के सचिवों से निरंतर सम्पर्क बनायें रखे। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि 9 कक्षा से 12 वी कंक्षा में पढ़ने वाले छात्रो की उपस्थित कम से कम 80 प्रतिशत रहे।

कलेक्टर ने निर्देश दिये कि यूडाइस पोर्टल पर विद्यार्थियों शिक्षकों एवं विद्यालयों की प्रोफाइल एंट्री शत प्रतिशत सुनिश्चित किया जाये। साथ सभी एंट्री समय सीमा में पूर्ण किया जायें। उन्होंने यूडाइस एवं सडीएमएस पोर्टल पर पात्रता अनुसार प्रवेश नहीं लेने वाले छात्रों की कक्षा बार संख्या जानी तथा निर्देश दिये कि निपुण अभियान के तहत पठन की समझ और बुनियादी गणित के ज्ञान के लंक्ष्यो को दिये गये समय सीमा पर पूर्ण कर लिया जाए इसके लिए शिक्षक गतिविधि आधारित शिक्षा संत्र का आयोजन करे।कलेक्टर ने जिले के उपस्थिति दर की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में ग्रेड 1 एवं ग्रेड 2 के बच्चो की जिले में उपस्थिति बहुत कम है। उन्होंने निर्देश दिये कि शिक्षा खेल गतिविधियों के माध्यम से छत्रो का पठन पाठन करायें। मध्यान भोजन में सुधार लाए शिक्षक पालक संघ की मीटिंग आयोजित कर माता पिता को बच्चों को विद्यालय में भेजने के लिए प्रेरित करे। इसी के साथ यह भी सुनिश्चित करे कि विद्यालयो में शिक्षक बच्चो के साथ मारपीट बिलकुल न करे जानकारी होने पर संबंधित शिक्षक के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर ने जिले के 10वी तथा 12 वी के परीक्षा परिणामो की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि 10 वी एवं 12 वी की परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने वाली छात्रो का औसत दर राज्य के औसत दर से कम न हो जिन विद्यालायों का औसत दर 40 प्रतिशत से कम उन्हे चेतावनी जारी करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दियें। साथ ही जिन विद्यालयों का उत्तीर्ण दर 80 प्रतिशत से अधिक है उन विद्यालयों प्राचार्यो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करे। एवं जिन विद्यालय का उत्तीर्ण दर शत प्रतिशत है उन विद्यालयो के प्राचार्यो को 26 जनवरी पर सम्मानित किया जायेगा।

### कलेटर ने जारी किये प्रतिबंधत्मक आदेश

## नगर निगम के सभी प्रकार के पटाखों का विक्रय, भण्डारण एवं प्रस्फोटन प्रतिबंधित

**सिंगरौली।** मध्यप्रदेश शासन, गृह अनुभाग विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल द्वारा उच्चतम न्यायालय के जारी आदेश एवं हरित अधिकरण, सेन्ट्रल जोन, भोपाल के आदेश के पालन में मध्यप्रदेश प्रदूषण बोर्ड भोपाल के के अनुपालन में दीपावली पर्व के समय रात्रि 08ः00 से 10ः00 बजे तक ग्रीन फटाकों का उपयोग 'सिर्फ उन सहरों में किया जा सकता है, जहां विगत वर्ष को माह नवम्बर की स्थिति में वायु गुणवत्ता सूचकांक मध्यम अथवा उससे कम श्रेणी की है। विगत वर्ष के माह नवम्बर को दौरान वायु गुणवत्ता सुचकांक कम वाले सभी शहरों में पटाखो पर पूर्णतः प्रतिबंध लागू रहेगा।उपरोक्त निर्देशों के पालन में क्षेत्रीय अधिकारी, म0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जिला सिंगरौली से जिले की वायु गुणवत्ता सूचकांक के संबंध में प्रतिवेदन लिया गया। क्षेत्रीय अधिकारी, मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जिला सिंगरौली द्वारा कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला को पत्र के माध्यम से जिले की माह नवम्बर, 2023 की स्थिति में जारी परिवेशीव वायु गुणवता सूचकांक की रिपोर्ट संलग्न कर प्रस्तुत की गई है। प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार माह नवम्बर, 2023 की स्थिति में सिंगरौली जिले की वायु गुणवत्ता सूचकांक 202 है।, पुअर दर्शाया गया है। अतएव सिंगरौली जिले में वायु प्रदूषण की अत्यंत खराब स्थिति को दृष्टिगत रखते हुये गध्यप्रदेश शासन, गृह विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन के निर्देश के पालन में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी के द्वारा 29 अक्टूबर 2024 से दिनांक 12 नवंबर 2024 तक सम्पूर्ण नगरपालिक निगम सिंगरौली क्षेत्रांतर्गत समस्त प्रकार के पटाखा का विक्रय, भण्डारण एवं प्रस्फोटन प्रतिबंधित गया है।

## प्रभारी मंत्री से मिला भाजपा का प्रतिनिधि मंडल, जिले को विमान सेवा से जोड़ने के लिए हुई सार्थक चर्चा

**सिंगरौली।** भारतीय जनता पार्टी सिंगरौली का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने भोपाल में जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके से भेंट की तथा जिले के विकास संबंधित विभिन्न मुद्दों पर सार्थक चर्चा की। विधायक रामनिवास शाह के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता, सीड़ा अध्यक्ष दिलीप शाह तथा जिला महामंत्री सुंदरलाल शाह ने प्रभारी मंत्री से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की तथा जिले के विकास संबंधित विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा की। जिला मीडिया प्रभारी नीरज सिंह परिहार ने बताया कि जिन मुद्दों पर प्रभारी मंत्री से बात हुई उसमें सबसे महत्वपूर्ण सिंगरौली को हवाई यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराने पर रहा । प्रतिनिधि मंडल ने प्रभारी मंत्री को अवगत कराया कि सिंगरौली में हवाई पट्टी बनकर तैयार है तथा राज्य शासन की 6 सीटर एयर टैक्सी सिंगरौली से भोपाल तक हवाई सुविधा दे रही है। हवाई पट्टी का रन वे 2.3 किलोमीटर का है जिसमें बड़े ही



आराम से 80 सीटर का एटीआर विमान उतर सकता है तथा सिंगरौली को प्रदेश एवं देश के अन्य शहरों से सीधा जोड़ा जा सकता है जिसके लिये यहां एटीसी तथा टर्मिनल बिल्डिंग के साथ नियमित स्टाफ एवं तकनीकी उपकरणों की आवश्यकता है। प्रभारी मंत्री द्वारा तत्काल प्रभाव से इंडिगो एयरलाइंस के उच्च प्रबंधन से सम्पर्क किया गया तथा इंडिगो एयरलाइंस वालों ने बताया कि हमारे विमान वाराणसी तथा खजुराहो हवाई अड्डे तक हवाई सेवा दे रहे हैं और यदि सिंगरौली हवाई पट्टी पर समस्त सुविधाएं उपलब्ध कराई गई तो हमें वहां अपना विमान संचालन करने में कोई आपत्ति नहीं हैं और सिंगरौली में हमारे लिए पर्याप्त यात्री मिलेंगे ऐसा हमें पूर्व से ही मालूम है। प्रभारी मंत्री ने इंडिगो प्रबंधन एवं प्रतिदिन मंडल को बताया कि उनके द्वारा तत्काल सिंगरौली कलेक्टर एवं प्रदेश के विमानन सचिव को निर्देश दिए जायेंगे कि वो आपसे संपर्क स्थापित कर यथाशक्ति सिंगरौली हवाई पट्टी पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की पहल करें तथा एयर पोर्ट अथारिटी भारत सरकार से संपर्क स्थापित कर हवाई सेवा संचालन की प्रक्रिया को प्रारंभ करें।

प्रतिनिधि मंडल द्वारा जिले के अन्य विकास संबंधित विषयों तथा प्रशासनिक विषयों पर प्रभारी मंत्री से चर्चा हुई तथा संबंधित मांगों को यथाशीघ्र पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया। विधायक रामनिवास शाह तथा जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता ने बताया है कि हम सभी के द्वारा ये प्रयास किया जा रहा है कि सिंगरौली जल्दी से जल्दी हवाई मार्ग से जुड़े और यहां के विकास को पंख लग सकें। उन्होंने कहा कि हम इसके लिये स्वयं भी जिले के कलेक्टर एवं विमानन सचिव संजय शुक्ला के साथ मिलकर सिंगरौली के हवाई पट्टी के उन्नयन एवं संचालन के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## मंगलवार को जियावन थाने में कैम्प लगाकर आयोजित की जायेगी जनसुनवाई

**सिंगरौली।** आने वाले मंगलवार को अनुभाग देवसर के जियावन थाने में कैम्प लगाया जाकर ग्रामीणों से प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण किया जाएगा। यह निर्णय पुलिस अधीक्षक सिंगरौली ने इसलिए लिया ताकि ऐसे ग्रामीण जन जो मुख्यालय बैढ़न से ज्यादा दूरी होने की स्थिति होने पर अपनी शिकायतों को लेकर उपस्थित नहीं हो पाते हैं, और अपनी बातें पुलिस अधीक्षक तक नहीं पहुंचा पाते हैं, उनके लिए पुलिस अधीक्षक स्वयं कैम्प लगाकर शिकायतों को प्रत्यक्ष रूप से सुनेंगी।पुलिस अधीक्षक ने जनसुनवाई में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस राहुल कुमार सैयाम, थाना प्रभारी जियावान, थाना प्रभारी सरई , थाना प्रभारी लंघाडोल एवं अनुभाग अंतर्गत आने वाली समस्त चौकी के प्रभारीगणों को उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया है।जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों का त्वरित समाधान किया किया जाकर वैधानिक कार्रवाही की जाएगी।

## संस्कार वैली इंटरनेशनल स्कूल में इंवेस्टीचर सेरेमनी का हुआ आयोजन




**सिंगरौली।** संस्कार वैली इंटरनेशनल स्कूल में इंवेस्टीचर सेरेमनी (चुने गए छात्रों का पद शपथ ग्रहण समारोह) का आयोजन किया गया ड्ड कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती निवेदिता गुप्ता एसपी सिंगरौली, यमयू सिद्दीकी प्रिंसिपल शासकीय डिग्री कॉलेज वैढ़न , श्रीमती प्रियंका शर्मा महिला थाना प्रभारी, शिक्षकगण ,छात्र ,विद्यालय प्रबंधन डायरेक्टर सुरेंद्र सोनी ,प्रिंसिपल आशा सोनी ने मिलकर सयुंक्त रूप से किया ड्ड हाउस कोऑर्डिनेटर गायत्री सोनी, छात्र प्रमुख अभिनव छात्रा प्रमुख वर्षा, हाउस-वैगई, इंडस, सतलज, साबरमती के हाउस कप्तान संजय, रिद्धि, श्रेयांस, हिमानी, अभिषेक, आयशा, फिजा, रूद्र, परेड इंचार्ज नीरज, बैंड इंचार्ज प्रियांशु आदि सभी सदस्यों ने मिलकर परेड कर व् माल्यार्पण और बुक्के से अतिथिओ का स्वागत किया ड्ड यसपी सिंगरौली श्रीमती निवेदिता गुप्ता ने छात्र परिषद् के विद्यार्थिओं को उनके कर्तब्यो के निर्वहन के लिए शपथ ग्रहण कराई ड्ड कार्यक्रम में छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी ड्ड अपने उद्वोधन में मुख्य अतिथि यसपी मैडम ने सभी निर्वाचित लीडर्स को शुभकानाए देते हुए शिक्षकों को मार्गदर्शित करते हुए कहा ये नन्हे मुंहे बच्चे मिट्टी की तरह है आप शिक्षक कुम्हार है और इन में जो रूप, शिक्षा, संस्कार गढ़ देंगे वही आने वाले समय में समाज और देश को मिलेगा और ये बेहतर इंसान बनेंगे क्योकि जो आप शुरुआत में इनको देंगे उसी के अनुसार ये बनेंगे और आज की आधुनिक परिवेश में आवस्यकतानुसार शिक्षित करे और इनका भविष्य गढ़े ड्ड साथ में विशिष्ट अतिथि प्रिंसिपल यमयु सिद्दीकी ने कहा जिस तरह स्कूल का नाम संस्कार वैली है उसी तरह इन बच्चो को संस्कार दिया जाये जो समाज के लिए बेहतर हो, जिससे ये सभी धर्मो के साथ समानता से मिलजुलकर आगे बढे और जंहा आज डिजिटल क्रांति ए आई, चैट जीपीटी का समय आ गया है, उसके साथ किताबो से भी जोड़े रखना जरुरी है और इनको शिक्षा के साथ संस्कार देना आवश्यक है जो समाज और देश के लिए आवश्यक है ड्ड एसपी ने बच्चो से मिलकर उत्साहवर्धन किया बच्चे मिलकर बहुत खुस हुए।

## मारपीट के मामले में 5 वर्षो से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के निर्देश पर फरार आरोपियो एवं स्थाई वारण्टियों के खिलाफ गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मोरवा पुलिस ने पिछले 3 दिनो में अलग-अलग



प्रकरणों में तीन स्थाई वारेंटियों सहित 4 गिरफ्तारी वारेंटियों को गिरफ्तार किया है। एसडीओपी मोरवा कृष्ण कुमार पांडे के मार्गदर्शन एवं मोरवा निरीक्षक कपूर त्रिपाठी के सतत निगरानी में पुलिस टीम द्वारा इन वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। जानकारी अनुसार वर्ष 2019 में 30 सिंतबर को खनहना निवासी पूजा देवी कोल ने थाना मोरवा आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि देवनारायण कोल पिता देवीदयाल कोल उम्र 40 वर्ष निवासी खनहना ने उसके साथ मारपीट कर घायल कर दिया है। जिस पर थाना मोरवा में आरोपी देवनारायण के खिलाफ अप.क्र. 434/19 धारा 294, 323, 506 ताहि का अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश की जाने लगी जो घटना दिनांक से ही फरार हो गया। जिसपर न्यायालय द्वारा लगातार प्रयास के बाद भी आरोपी के न मिलने पर उसके खिलाफ स्थाई गिरफ्तारी वारण्ट जारी किया था। जिसे आज मुखबिर सूचना पर खनहना बार्डर से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। इसी प्रकार अन्य प्रकरणों में फरार वारंटियों को भी सूचना के आधार पर विभिन्न क्षेत्र से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।उपरोक्त वारेंटियों की गिरफ्तारी में उपनिरी एन पी तिवारी, आर पी सिंह, सउनि डी. एन. सिंह, प्रआर संजय परिहार, सुखलाल सेन, सुरेश परस्ते शामिल थे।



### कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय वैढ़न जिला सिंगरौली म.प्र.

दूरभाष नं. 07806-292434 ई-मेल cssingrauli@gmail.com
क्रमांक/सि.स./भंडार शाखा/2024/6095 सिंगरौली दिनांक 26.10.2024

**निविदा आमंत्रण**

जिला चिकित्सालय वैढ़न जिला सिंगरौली में अनुपयोगी उपकरण/फर्नीचर एवं अन्य हास्पिटल सामग्री जो जहा है जैसी स्थिति में है के विक्रय हेतु आफलाइन निविदाए आमंत्रित की जाती है। निविदाओं का विस्तृत विवरण जिला चिकित्सालय वैढ़न जिला सिंगरौली के भंडार शाखा में देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र भंडार शाखा से निर्धारित भुगतान दर से 1000/- (एक हजार रुपये मात्र) जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| कमांक | निविदा का विषय | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने का आरंभ दिनांक/समय | निविदा जमा करने का दिनांक/समय | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला चिकित्सालय वैढ़न जिला सिंगरौली में अनुपयोगी उपकरण का विक्रय | 28.10.2024 के 10 बजे से | 05.11.2024 के शाम 05.00 बजे तक | आफलाइन |

सिविल सर्जन
सह मुख्य अस्पताल अधीक्ष वैढ़न
जिला सिंगरौली ( म.प्र. )




### कार्यालय कलेक्टर एवं पदेंन उप सचिव म० प्र० शासन राजस्व विभाग जिला सीधी

भूमि अर्जन ,पुनर्वासन और पुनर्व्यवास्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार

अधिनियम 2013 की धारा - 19 की उप धारा - 4

क्रमांक 928 /भू-अर्जन /2024 सीधी दिनांक 16/10/24

*** अधिसूचना ***

चूँकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि निचे डी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमिकी अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है | अतः भूमि अर्जन ,और पुनर्व्यवास्थापन में उचित प्रतिकार और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा - 19 के अंतर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है |

* अनुसूची *

-1 भूमि का वर्णन :-
(क) जिला - सीधी
(ख) तहसील - कुसमी
(ग) ग्राम - कठौंतिया
(घ) पटवारी हल्का का नाम - कठौंतिया
(ड.) निजी भूमि का अर्जित क्षेत्रफल - 1.90 हे0

| क्र० | खसरा नम्बर | का रकवा हे० | विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | 48/1/1 | 0.02 | फूलकुमारी पिता रामाधार 1/2, बिजनेश पिता रामाधार 1/2 |
| 2 | 160/1 | 0.1 | सुखदेव सिंह पिता सप्पू सिंह |
| 3 | 160/2 | 0.1 | रामदास पनिका पिता किसमिस पनिका |
| 4 | 161/1 | 0.1 | सुखदेव सिंह पिता सप्पू सिंह |
| 5 | 161/2 | 0.1 | रामदास पनिका पिता किसमिस पनिका |
| 6 | 162 | 0.04 | सुखदेव सिंह पिता सप्पू सिंह |
| 7 | 169/1 | 0.04 | जीतराय पिता जमाहिर सिंह |
| 8 | 169/2 | 0.04 | धीरशाह सिंह पिता जमाहिर सिंह |
| 9 | 169/3 | 0.04 | रमधीर सिंह पिता जमाहिर सिंह |
| 10 | 169/4 | 0.04 | छोटेलाल सिंह पिता जमाहिर सिंह |
| 11 | 170 | 0.08 | रामनंदन सिंह पिता नवल सिंह 1/2, लालदेव पिता वासुदेव सिंह 1/8, लक्ष्मण पिता वासुदेव सिंह 1/8, लालबहादुर पिता वासुदेव सिंह 1/8, वीरेन्द्र पिता कंचन सिंह 1/24, नारेन्द्र पिता कंचन सिंह 1/24, सुरेन्द्र पिता कंचन सिंह 1/24 |
| 12 | 171/1 | 0.1 | सुखदेव सिंह पिता सप्पू सिंह |
| 13 | 171/2 | 0.1 | रामदास पनिका पिता किसमिस पनिका |
| 14 | 172 | 0.13 | रामनंदन सिंह पिता नवल सिंह 1/2, लालदेव पिता वासुदेव सिंह 1/8, लक्ष्मण पिता वासुदेव सिंह 1/8, लालबहादुर पिता वासुदेव सिंह 1/8, वीरेन्द्र पिता कंचन सिंह 1/24, नारेन्द्र पिता कंचन सिंह 1/24, सुरेन्द्र पिता कंचन सिंह 1/24 |
| 15 | 173 | 0.14 | गोपाल पिता नथई सिंह 1/2, अवधेश पिता शिवपाल सिंह 1/36, परमेश्वर पिता शिवपाल सिंह 1/36, लखपती पिता शिवपाल सिंह 1/36, तुलसी शिवपाल सिंह 1/36, सुमित्रा पिता शिवपाल सिंह 1/36, लक्ष्मी शिवपाल सिंह 1/36, गजरूप पिता चेतई सिंह 1/6, महकम पिता चेतई सिंह 1/6 |
| 16 | 189 | 0.3 | शिवनाथ पिता नोहर 1/4, छोटकउ पिता नोहर 1/4, धनपतिया पति नोहर 1/4, रामू पिता नोहर 1/4 |
| 17 | 188/1 | 0.01 | तिराथुआ पति मोहन 1/4, रामनरेश पिता मोहन 1/4, श्रीलाल पिता मोहन 1/4, शिवदास पिता मोहन 1/4 |
| 18 | 188/2 | 0.01 | शिवनाथ पिता मोहन |
| 19 | 221 | 0.15 | शिवशंकर पिता कुंजल 1/2, गणेश पिता कुंजल 1/2 |
| 20 | 269 | 0.22 | शिवशंकर पिता कुंजल 1/2, गणेश पिता कुंजल 1/2 |
| 21 | 270 | 0.01 | सरस्वती पिता विनय कुमार |
| 22 | 275 | 0.01 | पार्वती पति शिवपाल यादव 1/2, राममणि पिता शिवपाल यादव 1/2 |
| 23 | 276 | 0.01 | राममणि पिता शिवप्रसाद 1/3, गंगा पिता फक्कड़ 1/3, भोलाप्रसाद पिता कुंजल 1/9, रघुनथिया पिता कुंजल 1/9, शिवशंकर पिता कुंजल 1/9 |
| 24 | 286 | 0.01 | पार्वती पति शिवपाल यादव 1/2, राममणि पिता शिवपाल यादव 1/2 |
| 25 | योग - | 1.90 हे० | |

2-सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है – गोंड माइक्रो सिंचाई परियोजना अंतर्गत सोनगढ़ बैराज के निर्माण हेतु |

3-भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण भू-अर्जन कार्यालय सीधी एवं उपखंड अधिकारी कुसमी जिला सीधी के कार्यालय में किया जा सकता है |

मध्य प्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

( स्वरोचिष सोमवंशी )
कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव
मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग

G-18223/24

# ठंड बढ़ने के साथ रेत माफिया हुए सक्रिय

## सोन नदी के विभिन्न घाटों से रेत की हो रही अवैध निकासी



**सीधी।** जिले में सोन घडियाल अभ्यारण्य के चर्चित घाटों से ठंडक की शुरुआत होते ही रात में फिर से रेत के अवैध उत्खनन में तेजी आ रही है। रेत का यह अवैध उत्खनन सोन नदी के विभिन्न तटों से क्षेत्रीय रेत माफिया द्वारा किया जाता है। माफिया को ग्रामीण क्षेत्रों के सभी अंदरूनी रास्तों की जानकारी होने के कारण उनके द्वारा सोन नदी के तटों में शाम ढ़लने के बाद से ही रेत का अवैध उत्खनन शुरू करा दिया जाता है। यह बेखौफ होकर तडके तक किया जाता है।

तत्संबंध में जानकारों का कहना है कि रेत का अवैध उत्खनन हनुमानगढ़ एवं खैरा क्षेत्र के साथ ही पहाड़ी, सोनवर्षा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर शुरू हो गया है। माफिया द्वारा सोन नदी तट से रेत का अवैध उत्खनन कराने के लिए ट्रैक्टर एवं मिनी ट्रक का उपयोग किया जाता है। रेत के अवैध उत्खनन में सबसे ज्यादा उपयोग ट्रैक्टरों का ही हो रहा है। जिसके चलते माफिया द्वारा ठंड के दिनों में सबसे ज्यादा रेत का अवैध उत्खनन किया जाता है। विडंबना यह है कि सोन घडियाल अभ्यारण्य द्वारा रेत के अवैध उत्खनन को रोंकने के लिए कर्मचारियों की तैनाती भी की गई है। फिर भी संबंधित कर्मचारियों की क्षेत्रीय रेत माफिया से सांठ-गांठ के कारण जिस इलाके से रात में रेत का अवैध उत्खनन किया जाता है वहां गस्त नहीं की जाती। इसी वजह से माफिया के वाहनों से धीरे-धीरे रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन बड़ी मात्रा में शुरू हो गया है। बताया गया है कि माफिया के वाहनों से सोन नदी तट से जो रेत रात में निकाली जाती है उसे आसपास के सुरक्षित स्थानों में डंप कर दिया जाता है। बाद में इन स्थानों में बड़े वाहन आते हैं और यहां से रेत की लोडिंग करके अन्य जिलों के लिए निकल जाते हैं। बड़े वाहनों के पास पूर्व से ही अन्य रेत खदानों की टीपी मौजूद रहती है। इस वजह से यहां से रेत का उठाव करने के बाद उनको जांच में भी कोई दिक्कत नहीं आती है। बड़े वाहनों से सोन नदी के रेत का परिवहन उत्तर प्रदेश तक शुरू हो चुका है। रेत का काला कारोबार रात के अंधेरे में शुरू होने के बाद भी इसपर कोई कार्यवाही अभी तक नहीं हो रही है।

### गस्त करने के लिए नियुक्त हैं कर्मचारी

प्रथम दृष्टया सोन नदी के तट से रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन रोकने की जिम्मेदारी सोन घडियाल अभ्यारण्य विभाग की होती है। इसके लिए विभाग द्वारा सोन नदी के तटों पर बड़ी संख्या में गस्त करने के लिए कर्मचारियों की नियुक्ति भी की गई है। जिन कर्मचारियों की ड्यूटी सोन नदी तटों पर लगाई गई है उनके द्वारा वहां कैंप करके गस्त करने की जरूरत नहीं समझी जा रही है। जबकि विभाग के द्वारा गस्त में लगे कर्मचारियों को सोन नदी तटों पर ही टैंट लगाकर रुकने के निर्देश दिए गए हैं। गस्त में लगे अधिकांश कर्मचारी ऐसे हैं जिनकी सांठ-गांठ क्षेत्रीय माफिया से काफी ज्यादा है। इसी वजह से उनके द्वारा शाम ढ़लने के बाद जिन क्षेत्रों से रेत का अवैध उत्खनन बड़े पैमाने पर होता है वहां रात में गस्त करने से दूरी बना ली जाती है। यह दीगर बात है कि गस्त में लगे कर्मचारी जिस क्षेत्र से अवैध उत्खनन होता है उसके आसपास ही अपनी उपस्थिति दर्ज कराए रहते हैं। जिससे बचाव में उन्हें सुविधा हो। बड़े अधिकारी भी गस्त में लगे कर्मचारियों की लोकेशन मौके पर जाकर जानने की जरूरत नहीं समझते।

# सहायक प्राध्यापक राजेश कुमार गुप्ता को मिली पीएचडी की उपाधि



**सीधी।** स्थानीय कमला स्मृति महाविद्यालय पडरा सीधी में प्राणिशास्त्र विषय के सहा. प्राध्यापक के रूप में सेवा दे रहे ग्राम व पोस्ट पथरौला तहसील मड़वास जिला सीधी के निवासी राजेश कुमार गुप्ता को अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा द्वारा शोध कार्य पूर्ण होने पर डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। राजेश ने प्राणिशास्त्र विषय में शोध शीर्षक स्टडी ऑफ हीमैटोलॉजिकल एण्ड बायोकेमिकल पैरामीर्टस् ऑफ मेजर कॉर्प्स एट गोरियरा डैम सीधी एमपी विथ स्पेशल रेफरेंस टू फिश प्रोडक्शन पर अपना शोधकार्य पूर्ण किया है। उन्होंने अपना शोधकार्य संजय गांधी स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में प्राणिशास्त्र के सेवानिवृत प्राध्यापक डॉ. एके तिवारी के निर्देशन में पूर्ण किया है। इस उपलब्धि पर पिता रामराज गुप्ता एवं माता श्रीमती देवकली गुप्ता, भाइयों में राजमणि गुप्ता, कमलेश गुप्ता, अयोध्या प्रसाद गुप्ता, विमलेश गुप्ता, राकेश गुप्ता, अभिषेक गुप्ता एवं प्रवेश गुप्ता तथा गणेश ग्रुप के डायरेक्टर नीरज शर्मा, असिस्टेंट डायरेक्टर अरुण ओझा, कमला कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित सिंह चौहान, डॉ. विवेक यादव, डॉ. मनीष गिरी, डॉ. अनिल नायर, डॉ. रावेंद्र यादव, डॉ. निसार अहमद नूरी, प्रदीप सोनी, हंसराज सिंह, अन्नू जायसवाल, दिलीप सिंह परिहार, विनय त्रिपाठी, मनोज द्विवेदी, प्रकाश नारायण सिंह चौहान, नरेंद्र मिश्रा, धीरेंद्र शुक्ला समेत अन्य सहकर्मी व मित्रगणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकानाएं दी हैं।

# शिवसेना ने सामूहिक दुष्कर्म पर सौंपा ज्ञापन



**सीधी।** शिवसेना इकाई ने रीवा जिले के गुढ़ थाना अंतर्गत महिला युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामले में नाराजगी जाहिर करते हुए दोषियों के ऊपर कड़ी कार्यवाही की मांग कर भैरवनाथ मंदिर में चौबीस घंटे पुलिस प्रशासनिक व्यवस्था हेतु राज्यपाल के नाम गोपद बनास नायब तहसीलदार को आंदोलन स्थल वीथिका भवन में ज्ञापन पत्र सौंपा। शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय ने ज्ञापन से पत्र सौंपते हुए कहा कि जिस प्रकार से प्रदेश की उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला के गृह जिले के गुढ़ थाना अंतर्गत प्राचीन विख्यात भैरव बाबा मंदिर में आए महिला युक्ति के साथ जिस प्रकार से आठ लोगों ने सामूहिक बलात्कार किया, वहीं युक्ति के पति को पेड़ में बांधकर अपराधियों द्वारा मारपीट की गई वह महिला युक्ति का वीडियो बनाया गया, पति के नजरों के सामने पत्नी के साथ बलात्कार किया यह बहुत ही गंभीर दिल दहला देने वाली घटना है जघन्य अपराध है। यह साफ तौर पर समझ में आता है कि अपराधियों के अंदर कानून व्यवस्था को लेकर किसी प्रकार से खौफ नहीं है। वहीं प्रदेश के रहे पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह द्वारा भैरव बाबा मंदिर को एक बड़े पर्यटक स्थल हेतु घोषणा कि जहां करोड़ों की लागत से अभी भी कार्य जारी है लेकिन कई दशकों से यह प्राचीन मंदिर में कोई व्यवस्था नहीं थी जो सदैव आकर्षण का केंद्र बना रहा है, हिंदू समाज की एक बड़ी आस्था बनी रही है जहां कई वर्षों से यहां दूर-दूर से भक्तगण दर्शन करने आते हैं लेकिन सुरक्षा की दृष्टि से देखा जाए तो किसी प्रकार से सुरक्षा नहीं है और इतनी बड़ी घटना आज अगर घटी है तो इसका जिम्मेदार स्थानी प्रशासन व प्रदेश के उप मुख्यमंत्री वह प्रदेश सरकार है। काश कि कानून व्यवस्था पुलिस का पहरा अगर मंदिर प्रांगण में होता तो या घटना ना घटती वह अपराधियों के अंदर ख्वाब बना रहता। मंदिर के आसपास जिस प्रकार से यह देखा गया है कि नशेडियों का जमावड़ा बना रहता है। यह लापरवाही पूर्णतया स्थानीय प्रशासन की है जिस पर ज्ञापन पत्र में आज शिवसेना इकाई द्वारा मांग रखी गई है कि महिला युवती के साथ दुष्कर्म करने वाले आठ आरोपियों के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए वह सुरक्षा दृष्टिगत भैरव बाबा मंदिर में 24 घंटे पुलिस की एक टोली टीम अति आवश्यक होना जरूरी है। इस दौरान प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय, जिला अध्यक्ष बेनाम सिंह बघेल उर्फ भोले, जिला मंत्री सुनील रावत, नगर अध्यक्ष जैनेंद्र सिंह चौहान उर्फ मुन्ना, नगर सहसंयोजक राजन मिश्रा, गोपाल टांडिया, रामकुमार विश्वकर्मा, छठी लाल विश्वकर्मा, बालेंद्र धर द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भीषण सडक़ हादसे में एक की मौत, दो घायल



**सीधी।** जिले के अमिलिया थाना क्षेत्र के कोदौरा में शनिवार रात एक गंभीर सडक़ हादसा हुआ, जिसमें एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना रात करीब 10 बजे हुई जब तीन लोग बाइक पर अमिलिया से हनुमना की ओर जा रहे थे। अचानक एक अज्ञात बोलेरो वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही अमिलिया पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गई। पुलिस ने तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमिलिया में घायलों को भर्ती कराया। मृतक की पहचान राकेश बढ़ई 30 वर्ष के रूप में हुई जो घटनास्थल पर ही अपनी जान गंवा बैठे। उनके साथ यात्रा कर रहे वीरेंद्र धर द्विवेदी 36 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जबकि पुष्पेंद्र कुमार विश्वकर्मा 19 वर्ष को मामूली चोटें आई हैं। मिली जानकारी के अनुसार हादसे के समय बाइक पर सवार लोग हनुमना की ओर जा रहे थे कोदौरा में अचानक तेज रफ्तार बोलेरो ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक का संतुलन बिगड़ गया और तीनों लोग सडक़ पर गिर गए। हादसे के बाद बोलेरो चालक मौके से फरार हो गया। जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद टीम घटनास्थल पर पहुंची। अमिलिया थाना प्रभारी राजेश पाण्डेय ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और मृतक का शव पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने कहा कि घायल व्यक्तियों को उचित चिकित्सा सुविधा प्रदान की जा रही है और उनकी हालत स्थिर है। पुलिस ने बताया कि बोलेरो चालक की पहचान करने के लिए छानबीन की जा रही है। पुलिस ने क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी खंगालना शुरू कर दिया है। जिससे आरोपी की पहचान की जा सके।

# नाराज शिक्षक करेंगे धरना प्रदर्शन

**सीधी।** अध्यापक शिक्षक संवर्ग के क्रमोन्नति आदेश एवं राज्य शिक्षा सेवा में संविलियन से छूटे शिक्षकों के आदेश विगत एक वर्ष से जारी नहीं हो रहे हैं, जिससे संबंधित शिक्षकों को प्रतिमाह अपूर्णनीय आर्थिक क्षति हो रही है। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष हरीश मिश्रा एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष विजय तिवारी ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल के पत्र क्रमांक 1732 दिनांक 5 अक्टूबर 2023 को क्रमोन्नति आदेश जारी करने का निर्देश दिया था जिसके परिपालन में दिनांक 21 फरवरी 2024 को क्रमोन्नति की एक सूची जारी कर दी गई और बहुत से शिक्षकों के आदेश जारी नहीं हुए बताया गया कि संकुल प्राचार्य द्वारा प्रस्ताव नहीं भेजा गया था क्रमोन्नति से छूटे शेष प्राथमिक शिक्षकों के क्रमोन्नति आदेश आज दिनांक लगभग 10 माह होने के बावजूद जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय जारी नहीं कर पाया है साथ ही माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षकों के क्रमोन्नति समयमान वेतनमान का का प्रस्ताव संयुक्त संचालक कार्यालय रीवा को आज तक नहीं भेजा गया जिससे सिंगरौली और रीवा के शिक्षकों के आदेश संयुक्त संचालक रीवा द्वारा जारी कर दिया गया है और सीधी जिले के माध्यमिक उच्च माध्यमिक शिक्षक बंचित है जिससे प्रतिमाह 4 से 6 हजार रूपए का नुकसान हो रहा है। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ द्वारा कई बार ज्ञापन और मौखिक आग्रह किया जाने के बावजूद आज तक आदेश जारी नहीं हो पाया है जिम्मेदार अधिकारी संकुल प्राचार्य से प्रस्ताव मंगाने समिति की बैठक तक सीमित है। बार-बार आदेश जारी होने का कोरा आश्वासन बस मिलता रहा जिससे दुखी पीड़ित शिक्षक संवर्ग अपनी व्यथा सांसद, विधायक एवं कलेक्टर के समक्ष रखेंगे शीघ्र आदेश जारी नहीं होने की स्थिति में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। इसी तरह जिले में राज्य शिक्षा सेवा में संविलियन से छूटे अध्यापक भी अधिकारियों की लापरवाही से बेवजह दस हजार से ऊपर राशि प्रतिमाह आर्थिक क्षति सहन कर रहा है। अध्यापक शिक्षक संवर्ग के शिक्षक साथी विना अपराध के वर्षों से आर्थिक दंड भोग रहे हैं जिस कारण से शिक्षक संवर्ग आर्थिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रहा है।

# सांसद डॉ. मिश्रा बने सिवनी जिले के चुनाव अधिकारी

**सीधी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे संगठन पर्व के अंतर्गत संगठन चुनाव के लिए सीधी लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा को सिवनी जिले का जिला निर्वाचन अधिकारी बनाया है। सांसद डॉ. राजेश मिश्रा के भारतीय जनता पार्टी संगठन के जिला चुनाव अधिकारी बनाए जाने पर शुभचिन्तको एवं पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने चुनाव अधिकारी बनाए जाने के पश्चात कहा कि भारतीय जनता पार्टी में सच्चे अर्थों में लोकतंत्र है। जहां पार्टी का एक सामान्य कार्यकर्ता बूथ अध्यक्ष से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद, विधायक कुछ भी बन सकता है। यह केवल एवं केवल भारतीय जनता पार्टी में ही संभव है।

आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सूवधा
अब रीवा (म.प्र.) के लाइफ केयर हॉस्पिटल में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर फायदें
• अस्पताल में रहने की आवश्यकता नहीं • ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ • रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी • किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी • फिर से होने की संभावना सबसे कम • कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है
उपलब्ध सुविधाएँ
• आकस्मिक चिकित्सा इकाई • गहन चिकित्सा • खून जाँच एवं डिजिटल एक्स-रे केन्द्र • दवाईयाँ • प्रसूति कक्ष • शल्य चिकित्सा कक्ष • शल्य कियोत्तर कक्ष
आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सुविधा
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे-
लाइफ केयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
जनता कॉलेज रोड, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.)
8435896118, 9630131919, 7898847200

**कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव म.प्र. शासन राजस्व विभाग जिला-सीधी**
**भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकार और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 19 की उपधारा 4**

पत्र क्रमांक 93८भू अर्जन /2024 / सीधी दिनांक 16/10/24

## अधिसूचना

क्योंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है की नीचे दी गई अनुसूची के पद (1)में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2 ) में उल्लेखितसार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकार और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 कि धारा 19(उप धारा 4 ) के अंतर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है।

### अनुसूची :-

1-भूमिका वर्णन

(क) जिला :- सीधी
(ख) तहसील :- कुशमी
(ग) ग्राम :- मच्छरकटा
(घ) पटवारी हल्का : -मच्छरकटा
(ड.) निजी भूमि का अर्जित कुल क्षेत्रफल :- 2.19 हेक्टयर

| स. क्र. | खसरानंबर | अर्जन हेतु प्रस्तावित रकबा (हे0) | विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 2 | 1.61 | विजय पुत्र तनय तेजभान जाति पनिका पता मछरकटा कुशमी सीधी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी |
| 2 | 3 | 0.05 | इन्द्रभान पुत्र मुडऊ जाति गोंड॰ पता मछरकटा कुशमी सीधी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 1/3 |
| | | | मुगिया पत्नी उदयभान पता मछरकटा कुशमी सीधी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 1/27 |
| | | | सेनजीत पुत्र उदयभान पता मछरकटा कुशमी सीधी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 1/27 |
| | | | बलजीत पुत्र उदयभान पता मछरकटा कुशमी सीधी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी1/27 |
| | | | अजीत पुत्र उदयभान जाति पनिका पता मछरकटा कुशमी सीधी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 1/27 |
| | | | शिवमूरत पुत्र उदयभान जाति पनिका पता मछरकटा कुशमी सीधी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 1/27 |
| | | | फूलकुमारी पुत्री उदयभान पता मछरकटा कुशमी सीधी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 1/27 |
| | | | गीता पुत्री उदयभान जाति पनिका पता मछरकटा कुशमी सीधी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 1/27 |
| | | | रामबाई पुत्री उदयभान जाति पनिका पता मछरकटा कुशमी सीधी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 1/27 |
| | | | मीरा पुत्री उदयभान जाति पनिका पता मछरकटा कुशमी सीधी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 1/27 |
| | | | बिजय पुत्र तेजभान जाति पनिका पता मछरकटा कुशमी सीधी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 1/15 |
| | | | बब्बी पुत्री तेजभान पता मछरकटा कुशमी सीधी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 1/15 |
| | | | हर्षलाल पुत्री तेजभान पता मछरकटा कुशमी सीधी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 1/15 |
| | | | गुड्डू पुत्री तेजभान पता मछरकटा कुशमी सीधी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 1/15 |
| | | | केशकली पुत्री तेजभान पता मछरकटा कुशमी सीधी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 1/15 |
| 3 | 4 | 0.53 | इन्द्रभान पुत्र मुडऊ जाति गोंड॰ पता मछरकटा कुशमी सीधी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 1/3 |
| | | | मुगिया पत्नी उदयभान पता मछरकटा कुशमी सीधी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 1/27 |
| | | | सेनजीत पुत्र उदयभान पता मछरकटा कुशमी सीधी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 1/27 |
| | | | बलजीत पुत्र उदयभान पता मछरकटा कुशमी सीधी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी1/27 |
| | | | अजीत पुत्र उदयभान जाति पनिका पता मछरकटा कुशमी सीधी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 1/27 |
| | | | शिवमूरत पुत्र उदयभान जाति पनिका पता मछरकटा कुशमी सीधी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 1/27 |
| | | | फूलकुमारी पुत्री उदयभान पता मछरकटा कुशमी सीधी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 1/27 |
| | | | गीता पुत्री उदयभान जाति पनिका पता मछरकटा कुशमी सीधी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 1/27 |
| | | | रामबाई पुत्री उदयभान जाति पनिका पता मछरकटा कुशमी सीधी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 1/27 |
| | | | मीरा पुत्री उदयभान जाति पनिका पता मछरकटा कुशमी सीधी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 1/27 |
| | | | बिजय पुत्र तेजभान जाति पनिका पता मछरकटा कुशमी सीधी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 1/15 |
| | | | बब्बी पुत्री तेजभान पता मछरकटा कुशमी सीधी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 1/15 |
| | | | हर्षलाल पुत्री तेजभान पता मछरकटा कुशमी सीधी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 1/15 |
| | | | गुड्डू पुत्री तेजभान पता मछरकटा कुशमी सीधी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 1/15 |
| | | | केशकली पुत्री तेजभान पता मछरकटा कुशमी सीधी मध्य प्रदेश भूमि स्वामी 1/15 |
| कुलयोग | | 2.19 | |

2 -: सार्वजनिक प्रायोजन जिसके लिए आवश्यकता है- गोंड माइक्रो एरिगेशन परियोजना का निर्माण कार्य।

3-:भूमि का नक्शा (प्लान ) कार्यालय उपखंड अधिकारी कुशमी में देखा जा सकता है ।

मध्य प्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

( स्वरोचिष सोमवंशी )
कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव
मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग

G-18219/24

## संपादकीय

# धर्मनिरपेक्षता के पक्ष में

आजकल धर्मनिरपेक्षता को लेकर चलने वाली बहसें अक्सर जिस तरह का तीखा रूप ले लेती हैं, उसके मद्देनजर यह महत्वपूर्ण है कि पिछले दो दिनों में दो बार सुप्रीम कोर्ट के अलग-अलग फैसलों में इसकी अहमियत रेखांकित हुई। एक मामले में सर्वोच्च अदालत ने धर्मनिरपेक्षता को संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा करार दिया तो दूसरे मामले में इसकी संकीर्ण व्याख्या से उपजी गड़बड़ियां दुरुस्त कीं। सोमवार को संविधान के 42वें संशोधन को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर यह स्पष्ट किया कि धर्मनिरपेक्षता के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं की जा सकती क्योंकि यह संविधान के बुनियादी ढांचे का हिस्सा है। मामले की गंभीरता का अहसास कराते हुए जस्टिस संजीव खन्ना ने याचिकाकर्ताओं से सीधा सवाल किया कि 'क्या आप नहीं चाहते कि भारत धर्मनिरपेक्ष रहे?' याचिकाकर्ताओं ने भी तब कहा कि उन्हें देश की धर्मनिरपेक्षता से आपत्ति नहीं, वे सिर्फ 42वें संशोधन को चुनौती दे रहे हैं।सर्वोच्च अदालत के फैसले से यह भी साफ हुआ कि संशोधन के द्वारा प्रस्तावना में धर्मनिरपेक्ष शब्द जोड़े जाने का मतलब यह नहीं है कि इससे पहले धर्मनिरपेक्षता संविधान का अहम हिस्सा नहीं थी। चाहे समानता के अधिकार की बात हो या संविधान में आए बंधुत्व शब्द की या फिर इसके पार्ट 3 में दिए गए अधिकारों की, ये सब इस बात का साफ संकेत हैं कि धर्मनिरपेक्षता भारतीय संविधान की मूल विशेषता है। अदालत ने यह भी कहा कि चाहे धर्मनिरपेक्षता हो या समाजवाद, इन्हें पश्चिम के संदर्भ में देखने की जरूरत नहीं। भारतीय परिवेश ने इन शब्दों, मूल्यों, संकल्पनाओं को काफी हद तक अपने अनुरूप ढाल लिया है। दूसरा मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को रद्द किए जाने से जुड़ा था, जिसे मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने गलत करार दिया। हाईकोर्ट ने इस एक्ट को धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के खिलाफ माना था। धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत की इस संकीर्ण व्याख्या के चलते प्रदेश के 13 हजार से ज्यादा मदरसों में पढ़ रहे 12 लाख से अधिक स्टूडेंट्स के भविष्य पर अनिश्चितता के बादल मंडराने लगे थे। मगर सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जरूरत मदरसों को बैन करने की नहीं बल्कि उन्हें मुख्यधारा में शामिल करने की है। इन दोनों फैसलों पर गौर करें तो यह स्पष्ट हो जाता है कि जरूरत धर्मनिरपेक्षता को आधुनिक लोकतांत्रिक समाज की एक अपरिहार्य विशेषता के रूप में स्वीकार करने की ही नहीं, उसे लेकर उदार और व्यापक नजरिया विकसित करने की भी है। इसे कमजोर करने की कोई भी जानी अनजानी कोशिश अंततः देश और समाज को ही कमजोर करेगी।

**हालिया वर्षों में यह संख्या दुगुनी हुई है। जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज ने इसे समझा है और भारत के दौरे के क्रम में कहा भी है कि दुनिया में हमें मित्रों और सहयोगियों की आवश्यकता है- जैसे भारत और जर्मनी हैं। प्रिय मोदी जी, नई दिल्ली में स्नेहपूर्वक स्वागत के लिए दिल से धन्यवाद। चूंकि जर्मनी में भारत से नजदीकी सम्बन्धों पर पार्टी लाइन से अलग सामूहिक राजनीतिक सोच सामने आई है। क्योंकि दोनों देशों के बीच माइग्रेशन रिश्तों की अहम कड़ी बनकर उभरा है। इसलिए दोनों देशों के बदलते और नव प्रगाढ़ हो रहे द्विपक्षीय सम्बन्धों के अंतर्राष्ट्रीय निहितार्थ को समझने की जरूरत है।**

# भारत-जर्मनी के निरंतर प्रगाढ़ हो रहे द्विपक्षीय सम्बन्धों के अंतर्राष्ट्रीय निहितार्थ को ऐसे समझिए

(कमलेश पांडे)

भारत दौरे पर आए जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिस तरह से यूक्रेन और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को द्विपक्षीय चिंता का विषय बताया और वैश्विक संघर्षों से निपटने के लिए अंतर्राष्टीय कानूनों पर आधारित राजनीतिक समाधान की वकालत की, उसका अपना कूटनीतिक महत्व है।

भारत और जर्मनी के द्विपक्षीय सम्बन्ध वैसे नहीं हैं, जैसे भारत और फ्रांस के हैं, भारत और इजरायल के हैं, भारत और जापान के हैं या फिर भारत और ऑस्ट्रेलिया के हैं। यही नहीं, भारत और जर्मनी के आपसी सम्बन्ध भारत और अमेरिका या भारत और इंग्लैंड जैसे भी नहीं हैं। इसलिए भारत और जर्मनी के द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूत बनाना दोनों देशों के नेतृत्व के लिए बहुत जरूरी है। बहुचर्चित तानाशाह हिटलर की भूमि जर्मनी में भारत और भारतीयों की दिलचस्पी स्वाभाविक है। जर्मनी से भारत के प्रगाढ़ रिश्ते इसलिए भी जरूरी हैं, ताकि पारस्परिक कारोबार बढ़े और अंतर्राष्टीय मंचों पर भारत को एक और दिलाजिज मित्र का साथ मिले, उसी तरह से जैसे कि फ्रांस देता आया है।

हालांकि, गत दिनों भारत के दौरे पर आए जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज और इंडिया के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच जो रणनीतिक बातचीत हुई है, उससे इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि जर्मनी का नेतृत्व भी वैश्विक नजाकत और जरूरत को देखते हुए भारत के प्रति अपने पुराने रुख में बदलाव ला रहा है, जिससे दोनों देशों को फायदा होगा। वास्तव में, फोकस ऑन इंडिया और लेबर स्ट्रैटिजी नाम से जारी दो जर्मन रिपोर्ट्स में इस बात का



जिक्र किया जा चुका है कि जर्मनी में भारतीय मूल के ढाई लाख लोग हैं, जिनमें छात्र और स्किल्ड प्रोफेशनल्स शामिल हैं। हालिया वर्षों में यह संख्या दुगुनी हुई है। जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज ने इसे समझा है और भारत के दौरे के क्रम में कहा भी है कि दुनिया में हमें मित्रों और सहयोगियों की आवश्यकता है- जैसे भारत और जर्मनी हैं। प्रिय मोदी जी, नई दिल्ली में स्नेहपूर्वक स्वागत के लिए दिल से धन्यवाद। चूंकि जर्मनी में भारत से नजदीकी सम्बन्धों पर पार्टी लाइन से अलग सामूहिक राजनीतिक सोच सामने आई है। क्योंकि दोनों देशों के बीच माइग्रेशन रिश्तों की अहम कड़ी बनकर उभरा है। इसलिए दोनों देशों के बदलते और नव प्रगाढ़ हो रहे द्विपक्षीय सम्बन्धों के अंतर्राष्टीय निहितार्थ को समझने की जरूरत है। पहला, भारत और जर्मनी के बीच 18 डाक्यूमेंट्स पर साझा सहमति बनी है। जिसमें म्युचुअल लीगल असिस्टेंट इन क्रिमिनल मैटर्स, क्लासिफाइड इन्फॉर्मेशन, ग्रीन हाइड्रोजन रोड मैप, टेक्नोलॉजी और इनोवेशन पर रोड मैप, श्रम और रोजगार, अडवांस मटीरियल्स में रिसर्च एंड डिवेलपमेंट को लेकर सहयोग, ग्रीन अर्बन मोबिलिटी पार्टनरशिप, के साथ स्किल डिवेलपमेंट और वोकेशनल एडुकेशन एंड ट्रेनिंग में सहयोग सहमति बनी है, जिससे न सिर्फ दोनों देश लाभान्वित होंगे बल्कि समकालीन विश्व के देशों को भी इससे फायदा पहुंचेगा। क्योंकि भारत हमेशा तीसरी दुनिया के देशों यानी ग्लोबल साउथ की बात करता आया है।

वहीं, भारत दौरे पर आए जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिस तरह से यूक्रेन और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को द्विपक्षीय चिंता का विषय बताया और वैश्विक संघर्षों से निपटने के लिए अंतर्राष्टीय कानूनों पर आधारित राजनीतिक समाधान की वकालत की, उसका अपना कूटनीतिक महत्व है। वहीं, उनका यह कहना कि 20वीं सदी में स्थापित वैश्विक मंच 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने में सक्षम नहीं हैं। इसलिए सुरक्षा परिषद सहित विभिन्न बहुपक्षीय संस्थानों में सुधार की आवश्यकता है। एक बात और, समसामयिक दुनिया जिस तरह से तनाव, संघर्ष और अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है, उसके दृष्टिगत भी हिन्द प्रशांत क्षेत्र में कानून के शासन और नौवहन की स्वतंत्रता को लेकर गम्भीर चिंताएं हैं। ऐसे समय मे भारत और जर्मनी के बीच रणनीतिक साझेदारी मजबूत सहारे के रूप में उभरी है। वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने जर्मनी से घोषित 'फोकस ऑन इंडिया' रणनीति का स्वागत करते हुए कहा है कि, मुझे खुशी है कि अपनी साझेदारी को विस्तार देने और बढ़ाने के लिए हम कई नई और महत्वपूर्ण पहल कर रहे हैं। क्रिटिकल और इमर्जिंग टेक्नॉलजी, स्किल डिवेलपमेंट और इनोवेशन पर सरकार की अप्रोच को लेकर सहमति बनी है। इससे एआई सेमीकंडक्टर और क्लीन एनर्जी जैसे क्षेत्रों में सहयोग को बल मिलेगा। वहीं, रक्षा क्षेत्रों में बढ़ता सहयोग गहरे आपसी विश्वास का प्रतीक है। वहीं, पीएम ने गोपनीय सूचनाओं (क्लासिफाइड इन्फर्मेशन) पर सामने आए समझौतों को बेहद अहम बताया। जबकि साझा लीगल असिस्टेंट ट्रीटी को आतंकवादी और अलगाववादी तत्वों से निपटने की दिशा में अहम कदम करार दिया। साथ ही कहा कि ग्रीन और सस्टेनेबल ग्रोथ के साझा कमिटमेंट पर दोनों देश लगातार काम कर रहे हैं। इसके तहत दोनों देशों ने ग्रीन अर्बन मोबिलिटी पार्टनरशिप के दूसरे दौर पर सहमति बनाई है। दोनों देशों ने ग्रीन हाइड्रोजन रोडमैप भी लॉन्च किया। बहरहाल, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जर्मनी की कंपनियों को देश में आमंत्रित करते हुए ठीक ही कहा कि निवेश के लिए भारत से बेहतर कोई जगह नहीं है और देश की विकास गाथा का हिस्सा बनने का यह सही समय है।

# भारतीय सनातन संस्कृति के विरुद्ध गढ़े जा रहे है झूठे विमर्श

**भारत द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में लगातार प्राप्त की जा रही विभिन्न उपलब्धियों को दरकिनार करते हुए, भारत के बारे में भ्रांतियां फैलाई जाती रही हैं। जैसे, भारतीय कुछ नया करे तो उसे 'जुगाड़' कहा जाता है और चीन यदि कुछ नया करे तो 'रिवर्स इंजिनीयरिंग'। पश्चिम का प्रत्येक कदम वैज्ञानिक है, परंतु भारतीय आयुर्वेद को हर बात सिद्ध करने की आवश्यकता होती है। पश्चिम का अधूरा अध्ययन भी साइन्स की श्रेणी में है, परंतु भारत के कई प्राचीन वैज्ञानिक तथ्य भी रूढ़िवादी माने जाते हैं।**

(प्रह्लाद सबनानी)

भारत द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में लगातार प्राप्त की जा रही विभिन्न उपलब्धियों को दरकिनार करते हुए, भारत के बारे में भ्रांतियां फैलाई जाती रही हैं। जैसे, भारतीय कुछ नया करे तो उसे 'जुगाड़' कहा जाता है और चीन यदि कुछ नया करे तो 'रिवर्स इंजिनीयरिंग'।

भारत में विभिन्न क्षेत्रों में विकास से सम्बंधित हाल ही में जारी किए गए आंकड़ों को देखने के पश्चात ध्यान में आता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था अब पटरी पर तेजी से दौड़ने लगी है। परंतु, देश के मीडिया में भारत के आर्थिक क्षेत्र में लगातार बन रहे नित नए रिकार्ड का जिक्र कहीं भी नहीं है। इसके ठीक विपरीत देश में रोजगार के अवसर नहीं बढ़ रहे हैं, गरीब अति गरीब की श्रेणी में जा रहा है, मुद्रा स्फीति की दर अधिक हो रही है, भुखमरी बढ़ रही है, हिंसा बढ़ रही है, अल्पसंख्यकों पर अत्याचार हो रहे हैं, आदि विषयों पर विमर्श गढ़ने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है।

भारत में झूठे विमर्श गढ़ने का इतिहास रहा है। अंग्रेजों के शासन काल में भी कई प्रकार के झूठे विमर्श गढ़ने के भरपूर प्रयास हुए थे जैसे पश्चिम से आया कोई भी विचार वैज्ञानिक एवं आधुनिक है, भारत सपेरों का देश है एवं इसमें अपढ़ गरीब वर्ग ही निवास करता है, भारतीय सनातन हिंदू संस्कृति रूढ़िवादी एवं अवैज्ञानिक है, शहरीकरण विकास का बड़ा माध्यम है अतः ग्रामीण विकास को दरकिनार करते हुए केवल शहरीकरण को बढ़ावा दिया जाना चाहिए, शहरी, ग्रामीण एवं जनजातीय के बीच में आर्थिक विकास की दृष्टि से शहरी अधिक महत्व के क्षेत्र हैं, विदेशी भाषा को जानने के चलते नागरिकों में आत्मविश्वास बढ़ता है, संस्कृति से अधिक तर्क को महत्व दिया जाना चाहिए, व्यक्ति एवं समश्टि में व्यक्ति को अधिक महत्व देना अर्थात व्यक्तिवाद को बढ़ावा देना चाहिए (पूंजीवाद की अवधारणा), कम श्रम करने वाला व्यक्ति अधिक होशियार माना गया, सनातन हिन्दू संस्कृति पर आधारित प्रत्येक चीज को हेय दृष्टि से देखना, जैसे दिवाली के फटाके पर्यावरण का नुक्सान करते हैं, होली पर्व पर पानी की बर्बादी होती है। कुल मिलाकर पश्चिमी देशों द्वारा आज सनातन भारतीय सनातन संस्कृति पर आधारित हिन्दू परम्पराओं पर लगातार प्रहार किए जा रहे हैं।

इसी प्रकार, भारतीय सनातन संस्कृति पर हमला करते हुए 'माई बॉडी माई चोईस'; 'हमको भारत में रहने में डर लगता है'; आदि नरेटिव स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। वाशिंगटन पोस्ट एवं न्यूयॉर्क टाइम्ज लम्बे लम्बे लेख लिखते हैं कि भारत में मुसलमानों पर अन्याय हो रहा है। कोविड महामारी के दौरान भी भारत को बहुत बदनाम करने का प्रयास किया गया था। वर्ष 2002 की घटनाओं पर आधारित एक डॉक्युमेंटरी को बीबीसी आज समाज के बीच में लाने का प्रयास कर रहा है। अडानी समूह, जो कि भारत में आधारभूत संरचना विकसित करने के कार्य का प्रमुख खिलाड़ी है, की तथाकथित वित्तीय अनियमितताओं पर अमेरिकी संस्थान 'हिंडनबर्ग' अपनी एक रिपोर्ट जारी करता है ताकि इस समूह को आर्थिक नुक्सान हो और यह समूह भारत की आर्थिक प्रगति में भागीदारी न कर सके। हैपीनेस इंडेक्स एवं हंगर इंडेक्स में भारत की स्थिति को झूठे तरीके से पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान जैसे देशों से भी बदतर हालात में बताया जाता है। अमेरिका के पूर्व राष्टपति बराक ओबामा, भारतीय मुसलमानों की स्थिति के बारे में तब विपरीत बात करते हैं जब भारतीय प्रधानमंत्री अमेरिका के दौरे पर होते हैं। ऐसा आभास होता है कि भारत के विरुद्ध यह अभियान कई संस्थानों एवं देशों द्वारा मिलाकर चलाया जा रहा है।

भारत द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में लगातार प्राप्त की जा रही विभिन्न उपलब्धियों को दरकिनार करते हुए, भारत के बारे में भ्रांतियां फैलाई जाती रही हैं। जैसे, भारतीय कुछ नया करे तो उसे 'जुगाड़' कहा जाता है और चीन यदि कुछ नया करे तो 'रिवर्स इंजिनीयरिंग'। पश्चिम का प्रत्येक कदम वैज्ञानिक है, परंतु भारतीय आयुर्वेद को हर बात सिद्ध करने की आवश्यकता होती है। पश्चिम का अधूरा अध्ययन भी साइन्स की श्रेणी में है, परंतु भारत के कई प्राचीन वैज्ञानिक तथ्य भी रूढ़िवादी माने जाते हैं। पश्चिमी विचारधारा में व्यक्ति की भावुकता के लिए कोई स्थान नहीं है, केवल तकनीकी के बारे में ही विचार किया जाता है। इसी प्रकार से भारत में बाल श्रम को लेकर पश्चिमी देशों द्वारा हो हल्ला मचाया जाता है किंतु उनके अपने देशों में कई प्रतियोगिताओं में 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चे भी भाग लेते हैं, परंतु उनकी दृष्टि में यह बाल श्रम की श्रेणी में नहीं आता है। भारत में यदि 16 वर्ष की कम उम्र के बच्चे अपने पारम्परिक व्यवसाय की कला में पारंगत होना प्रारम्भ करें तो यह बाल श्रम की श्रेणी में माना जाता है। भारत के संदर्भ में यह दोहरी नीति का विमर्श क्यों खड़ा किया जाता है।

भारतीय सनातन संस्कारों के अनुसार भारत में कुटुंब को एक महत्वपूर्ण इकाई के रूप में स्वीकार किया गया है एवं भारत में संयुक्त परिवार इसकी परिणती के रूप में दिखाई देते है। परंतु, पश्चिमी आर्थिक दर्शन में संयुक्त परिवार लगभग नहीं के बराबर ही दिखाई देते हैं एवं विकसित देशों में सामान्यतः बच्चों के 18 वर्ष की आयु प्राप्त करते ही, वे अपना अलग परिवार बसा लेते हैं तथा अपने माता पिता से अलग मकान लेकर रहने लगते हैं। इस चलन के पीछे संभवत आर्थिक पक्ष इस प्रकार जुड़ा हुआ है कि जितने अधिक परिवार होंगे उतने ही अधिक मकानों की आवश्यकता होगी, कारों की आवश्यकता होगी, टीवी की आवश्यकता होगी, फ्रिज की आवश्यकता होगी, आदि।

लगभग समस्त उत्पादों की आवश्यकता इससे बढ़ेगी जो अंततः मांग में वृद्धि के रूप में दिखाई देगी एवं इससे इन वस्तुओं का उत्पादन बढ़ेगा। ज्यादा वस्तुएं बिकने से बहुराष्टीय कम्पनियों की लाभप्रदता में भी वृद्धि होगी। कुल मिलाकर इससे आर्थिक वृद्धि दर तेज होगी। विकसित देशों में इस प्रकार की मान्यताएं समाज में अब सामान्य हो चलीं हैं। अब बहुराष्टीय कम्पनियां भारत में भी प्रयासरत हैं कि किस प्रकार भारत में संयुक्त परिवार की प्रणाली को तोड़ा जाय ताकि परिवारों की संख्या बढ़े एवं विभिन्न उत्पादों की मांग बढ़े और इन कम्पनियों द्वारा निर्मित उत्पादों की बिक्री बाजार में बढ़े। इसके लिए बहुराष्टीय कम्पनियां इस प्रकार के विभिन्न सामाजिक सीरियलों को बनवाकर प्रायोजित करते हुए टीवी पर प्रसारित करवाती हैं जिनमे संयुक्त परिवार के नुक्सान बताए जाते हैं एवं छोटे छोटे परिवारों के फायदे दिखाए जाते हैं।

## वर्ग पहेली 5535



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. यह हमारे देश का राष्ट्रीय नारा है (6)
7. एक होने का भाव, अभिसार, आलिंगन (3)
8. चुंगी कर, भाड़ा, किराया (4)
9. कण का शब्द का अपभ्रंश (2)
10. फूलों की घनी गुथी हुई छोटी माला (3)
11. वैराग्य, विरति, संयास ग्रहण, दिलीप कुमार की तिहरी भूमिका वाली फिल्म (1967)(3)
12. मृदुल मंद समीर, ठंडी और धीमी हवा (3)
14. साधु संयासी के रहने का स्थान (2)
15. रसूल, ईशदूत, पैगंबर (2)
16. असफल, अयोग्य, अनुत्तीर्ण (3)
18. शास्त्रीय संगीत में गांधार स्वर (1)
20. ये तमिल तथा हिंदी फिल्मों के निर्देशक है जिन्हें पद्मश्री से नवाजा जा चुका है (5)
22. यह ऑट्रिया का सबसे बड़ा शहर है जो डेन्यूब नदी के किनारे स्थित है (3)
24. नदी किनारे का वह पक्का स्थान जहां लोग पानी भरते व स्नान करते है (2)

**ऊपर से नीचे**

1. मजदूर (3)
2. सामंजस्य न होना, सामंजस्यहीन होना (6)
3. जंगल, कानन, अरण्य (2)
4. जुड़वा, अश्विनी कुमार (3)
5. यह ईरान की राजधानी है (4)
6. गुलअदाम, फूल जैसा कोमल और मृदुल सुकुमार और सुगंधित शरीर वाला (4)
10. सूर्य का कए नाम यह भी है (5)
12. जल में उत्पन्न वस्तु (3)
13. शंख, सुतही, मुक्तागार (2)
17. हसरत, आरजू, तमन्ना, आकांशा (3)
19. पद्य की रचना वाला (2)
21. स्त्री का नृत्य, आम नाच (2)
22. मेघ से संबंधित एक नक्षत्र (2)

**वर्ग पहेली 5534 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ण | म | म | ले | श्व | री | |
| र्ण | | त | ला | | स | ज | ना |
| | रू | प | या | | न | न | द |
| | प | त्र | | ज | | | ना |
| ब | ही | | ब | ल | कां | ड | |
| ज | न | क | रा | ज | | ल | ता |
| ना | ता | | ती | | | ही | रा |
| | | लू | | | फौ | जी | |

## आज का राशिफल

**मेष**

आज दिन शुभ है और आपका भाग?य भरपूर साथ देगा। आपकी आर्थिक समस्याएं दूर होंगी और कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। समस्याएं दूर होंगी। परेशानियों से कुछ राहत मिलेगी। किसी कारण से दूर की यात्रा हो सकती है और आपका काम धंधा भी काफी अच?छा चलेगा।

**वृषभ**

आज आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी और सभी रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपके घर में किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है और इसमें कितना खर्च होगा, इसको लेकर भी बात हो सकती है। जीवन स्तर को सुधारने के लिए फिलहाल आपको स्थाई प्रयोग में आने वाली वस्तुओं को ही खरीदना चाहिए।

**मिथुन**

आज आपकी तरक्की को देखकर ऑफिस में सहयोगियों को आपसे जलन होगी। आपको इन बातों से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। आपकी नजर भी अपनी उपलब्धियों पर लग सकती है। आपको अपने जरूरी कार्य पूर्ण करने के लिए दोगुना मेहनत करने की जरूरत है।

**कर्क**

आज करियर के मामले में सफलता प्राप्त होगी और हर कार्य में मन के अनुकूल परिणाम मिलने से आपका मन काफी प्रसन?न रहेगा। आपकी चिंताएं दूर होंगी और करियर में तरक्की के योग हैं। आपकी योजनाएं सफल होंगी। परिवार की सलामती के लिए कटिबद्ध रहते हैं।

**सिंह**

आज दिन परेशानियों से भरा रहेगा। आपको अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है। कारोबार की चिंता विशेष रूप से परेशान करेगी क्योंकि पिछले काफी दिनों से बड़ी लापरवाही होने की वजह से आपको काफी दौड़भाग करनी पड़ सकती है। इस वक्त आप किसी निवेश को लेकर जोखिम न लें।

**कन्या**

आज दिन बिना वजह की दौड़भाग करने में बीतेगा। लेकिन शाम के वक?त सफलता मिलने से आपको थकान का अनुभव नहीं होगा। आप अपने कार्य को उत्साहपूर्वक पूरा करें तो आपको लाभ होगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी।

**तुला**

आज दिन शुभ नहीं है और आपको बिना किसी कारण के समस?याओं का सामना करना पड़ सकता है। आपके जीवन में कुछ परेशानियां तो आपके स्वभाव के कारण बढ़ जाती हैं। आप अपने अदूरदर्शी स्वभाव के कारण कुछ समस?याओं को न?यौता दे देते हैं।

**वृश्चिक**

आज लाभ होगा और करियर के मामले में भरपूर सफलता प्राप?त होगी। आपको अकस्मात मंगलमय समाचार मिलेगा और कारोबार में आपकी तरक?की होने से मन काफी प्रसन?न रहेगा। तनाव को अपने ऊपर हावी न होने दें तो आपके लिए अच्छा होगा। नवीन योजनाओं में सफलता प्राप्त होगी।

**धनु**

आज करियर के मामले में लाभ होगा और जो लोग आपके साथ जान पहचान बढ़ाने के इच?छुक हैं उनसे आपको लाभ होगा। पुरानी योजनाओं में आपको लाभ होगा। रुका धन मिलने से आपका मन खुश रहेगा और रोजमर्रा के काम में कोताही बरतने से आपको नुकसान हो सकता है।

**मकर**

आज दिन लाभ और सफलता से भरा होगा। आपको सम्मान की प्राप्ति होगी। ग्रह चाल भाग्य में वृद्धि होने से आपका दिन शुभ होगा। व्यवसाय में लाभ होगा। शुभ समाचार भी दिन भर प्राप्त होते रहेंगे। मित्रों में भी हास्य विनोद बढ़ेगा। व्यर्थ के झंझटों से बचे रहें। धार्मिक स्थानों की यात्रा की भूमिका आज बन सकती है।

**कुंभ**

आज उच्चाधिकारियों की घनिष्ठता से लाभ होगा। लाभ के सुअवसर आपको दिन भर प्राप्त होंगे। आयात निर्यात के व्यवसाय में आपको लाभ होगा। आध्यात्म और धर्म में रुचि बढ़ेगी। यात्रा और मंगलोत्सव का संयोग बन रहा है। समय के सदुपयोग से आपका सितारा बुलंद होगा। आपके धन में वृद्धि होगी।

**मीन**

आज करियर के मामले में लाभ और आपके लिए तरक्की के योग बन रहे हैं। आपको प्रसन्नता होगी। आपके जीवन से विवादास्पद प्रकरण समाप्त होंगे। गुप्त शत्रु और ईर्ष्यालु साथियों से सावधान रहें। किसी से रुपया उधार न लें वरना आपको वापस नहीं मिलेगा। सभी रुके कार्य पूर्ण होंगे और योजनाएं पूर्ण होंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### गाजियाबाद में 4 जगहों पर गरजे बुलडोजर, अवैध कॉलोनी को किया ध्वस्त ; आगे भी होगा ऐक्शन




**गाजियाबाद , एजेंसी।** गाजियाबाद में शनिवार को 4 जगहों पर बुलडोजर गरजे और कई अवैध निर्माण में तोड़फोड़ की। प्रशासन ने आगे भी ऐक्शन जारी रहने की बात कही है। सबसे बड़ी कार्रवाई डासना क्षेत्र में की गई। यहां 20 हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया गया। बुलडोजर चलाकर उसकी रोड पूरी तरह तोड़ दी गई। सीवर लाइन, दीवार को भी ध्वस्त कर दिया गया। जीडीए के प्रवर्तन जोन पांच टीम डासना पहुंचीं, जहां उन्होंने खसरा संख्या 1127 पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। यहां करीब 20 हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में अवैध प्लॉटिंग की जा रही है। प्राधिकरण की टीम ने यहां निर्मित सड़क, सीवर लाइन व ब्रिकवॉल को ध्वस्त कर दिया। फिर टीम महरौली गांव पहुंची, जहां खसरा संख्या 974 पर अवैध व्यावसायिक इमारत को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। अधिकारियों के अनुसार अवैध निर्माण करने वालों पर आगे भी कार्रवाई की जाएगी। अवैध निर्माण को ध्वस्त किया वसुंधरा में रातोंरात चार भूखंडों पर अवैध निर्माण कर लिया गया। शुक्रवार शाम को आवास एवं विकास परिषद की टीम चारों इमारतों पर बुलडोजर चलाकर नक्शे के विपरीत हुए अवैध निर्माण को गिराया। परिषद के अधिकारियों के मुताबिक बीते दिनों दशहरा व रामनवमी की छुट्टी थी। इसी दौरान वसुंधरा सेक्टर एक व तीन में रातोंरात अवैध निर्माण कर लिया गया। निरीक्षण कर इन्हें नोटिस दिया गया था। मगर भूखंडों पर किया अवैध निर्माण नहीं हटाया गया। इसीलिए शुक्रवार शाम को परिषद के प्रवर्तन दल ने चारों जगहों पर अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाया। साथ ही चेतावनी दी कि दोबारा ऐसा करने पर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

### गैस चेम्बर बनी दिल्ली में घुट रहा लोगों का दम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में तेज धूप और पूर्वी हवा के चलते सप्ताहभर तक पारा सामान्य से ज्यादा रहने का अनुमान है। शनिवार को भी सफदरजंग में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से एक-एक डिग्री अधिक दर्ज किया गया। दिल्ली में आमतौर पर अक्टूबर के अंत तक हल्की ठंड शुरू हो जाती है, लेकिन इस बार अभी तक ठंड की आमद नहीं हुई है। सुबह-शाम भले ही मौसम खुशनुमा हो रहा है पर ठंड का अहसास शुरू नहीं हुआ है। दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में शनिवार सुबह से तेज धूप निकली रही। सफदरजंग में अधिकतम तापमान 33 डिग्री रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 18.6 डिग्री सेल्सियस रहा। दोनों ही तापमान सामान्य से एक-एक डिग्री कम है। इस समय तक हवा की दिशा उत्तरी पश्चिमी हो जाती है। यह हवा अपने साथ उच्च हिमालयी क्षेत्रों की ठंड लेकर आती है। लेकिन, इस बार हवा की दिशा भी मुख्य तौर पर पूर्वी बनी हुई है। उधर गैस चेम्बर बनी दिल्ली में प्रदूषण का स्तर भी कम होने का नाम नहीं ले रहा। शनिवार को दिल्ली की एयर क्वालिटी 372 दर्ज कई गई जो की बेहद खराब श्रेणी है। इससे पहले शनिवार को 255 एक्यूआई दर्ज की गई थी। इस बीच एक पर्यटक हिमांशु ने कहा कि बढ़ता प्रदूषण में दम घुटने जैसा लगता है। सरकार को इस पर गौर करना चाहिए कि प्रदूषण को कम करने के लिए क्या किया जा सकता है। इसके अलावा एक अन्य शख्स ने बताया कि उन्हें सांस लेने में काफी दिक्कत हो रही है।

### अतिक्रमण के खिलाफ दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने भी संभाली कमान, चला अभियान



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी के खजूरी चौक पर अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। पुलिस ने कहा कि इलाके में ट्रैफिक की भीड़भाड़ को कम करने के लिए उसकी ओर से उक्त कार्रवाई की गई। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने बयान जारी कर कहा कि 26 अक्टूबर को सिग्नेचर ब्रिज के पास खजूरी चौक पर अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। इस दौरान अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने अपने बयान में कहा कि अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की गई और अधिकांश अतिक्रमण हटा दिए गए। इस अभियान में दिल्ली नगर निगम यानी एमसीडी के अधिकारियों ने भी भाग लिया।अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कानून की उचित धाराओं के तहत कुल 42 चालान जारी किए गए।

# दिलजीत दोसांझ के शो से पहले ईडी का ऐक्शन, टिकटों के काले कारोबार पर दिल्ली-पंजाब समेत 13 जगह रेड

**नईदिल्ली, एजेंसी।** म्यूजिक कॉन्सर्ट के नाम पर चल रहे काले कारोबार का प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने खुलासा किया है। ईडी ने पंजाबी सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ और ब्रिटिश रॉक बैंड 'कोल्डप्ले' के टिकटों की कालाबाजारी के मामले में शुक्रवार को दिल्ली, महाराष्ट्र, राजस्थान, कर्नाटक, पंजाब में 13 स्थानों पर छापेमारी की। ईडी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

**मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज :** दिलजीत दोसांझ का 'दिल-लुमिनाटी कॉन्सर्ट' 26-27 अक्टूबर को दिल्ली में हो रहा है, जबकि कोल्डप्ले का कॉन्सर्ट 'म्यूजिक ऑफ द स्फीयर्स वर्ल्ड टूर' जनवरी 2025 में नवी मुंबई में होना है। ईडी ने शुरुआती जांच में पाया कि इन कॉन्सर्ट के टिकटों की बड़े पैमाने पर कालाबाजारी की गई। जांच एजेंसी ने मनी लॉन्ड्रिंग प्रिवेंशन एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया है।

**फर्जी टिकटों के जरिए धोखाधड़ी :** ईडी ने बताया कि कॉन्सर्ट के लिए प्रवेश पास के तेजी से बिकने के बाद नकली टिकटों की बिक्री शुरू हुई। इसके जरिए प्रशंसकों के साथ धोखाधड़ी की गई। ईडी ने देशभर में दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की। इनमें ऑनलाइन टिकट बुक करने वाले पोर्टल 'बुकमायशो' की ओर से दर्ज कराई गई प्राथमिकी भी शामिल है। बुकमायशो ने कई संदिग्धों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिन्होंने कॉन्सर्ट के टिकट के नाम पर लोगों से पैसे ठगे। कई प्रशंसकों को जब पता चला कि उन्हें नकली या फिर ज्यादा कीमत पर टिकट बेचे गए थे तो उन्होंने भी एफआईआर करवाई है।



**सोशल मीडिया के जरिए बेचते हैं नकली टिकट :** ईडी को छापेमारी और जांच के दौरान कई ऐसे व्यक्तियों का पता चला जो इंस्टाग्राम, व्हाट्सऐप और टेलीग्राम के जरिये ऐसे टिकट उपलब्ध कराने के लिए जाने जाते हैं। इनमें नकली टिकट भी शामिल होते हैं। एजेंसी अब अवैध गतिविधियों में शामिल इन लोगों की आय का पता लगाने में जुटी है।

**दिल्ली हाईकोर्ट ने भी मांगा है जवाब :** दिल्ली हाईकोर्ट ने संगीत समारोहों के टिकटों की बिक्री अधिकृत मंचों के माध्यम से होने और अवैध बिक्री पर रोक के लिए रूपरेखा बनाने के अनुरोध वाली याचिका पर गुरुवार को केंद्र से जवाब मांगा था।

**अधिक मांग का फायदा उठाते हैं :** ईडी के अनुसार, दर्ज एफआईआर के अनुसार, कॉन्सर्ट के टिकट की अत्यधिक मांग का फायदा उठाकर नकली टिकट बेचे जाते हैं। इसके लिए दर्शकों से कई गुना अधिक कीमत वसूली गई। कार्यक्रमों की घोषणा के बाद उत्साहित संगीत प्रेमियों ने टिकट खरीदे थे।

**जब्त किए गए मोबाइल और लैपटॉप :** ईडी ने टिकट बिक्री घोटाले में प्रयोग मोबाइल फोन, लैपटॉप, सिम कार्ड, इत्यादि जब्त किए हैं। ईडी ने कहा कि वित्तीय नेटवर्क की जांच और ऐसी गतिविधियों से हुई आय का पता लगाने के लिए छापे मारे गए।

**कुछ ही मिनटों में बिक गए थे सभी टिकट :** बुकमायशो, जोमैटो लाइव जैसे प्लैटफॉर्म ने बताया था कि कुछ ही मिनट में सभी टिकट बिक गए। कई प्रशंसकों को बाद में पता चला कि उन्हें नकली टिकट बेचे गए या असली टिकटों के लिए अत्यधिक कीमत की वसूली की गई।

**कॉन्सर्ट टिकटों से दुनिया में करोड़ों का कारोबार :** म्यूजिक कॉन्सर्ट के टिकटों की कालाबाजारी का काला कारोबार पूरी दुनिया में करोड़ों रुपये का है। दिलजीत दोसांझ और कोल्डप्ले टिकटों के घोटाले का खुलासा इस बात का महज उदाहरण भर है।

**कोल्ड प्ले के लिए 1.3 करोड़ ने लॉगइन किया था :** जनवरी 2025 में मुंबई में होने वाले कोल्डप्ले कॉन्सर्ट के लिए बुकमायशो पर 1.5 लाख टिकटों के लिए 1.3 करोड़ से अधिक लोगों ने लॉग इन किया था। कॉन्सर्ट के सभी टिकट बिक्री शुरू होने के 30 मिनट के भीतर बिक गए।

**पूरी दुनिया में चल रहा कालाबाजारी का खेल :** टिकटों की दलाली का अवैध कारोबार पूरी दुनिया में चल रहा है। सिंगापुर पुलिस बल (एसपीएफ) के अनुसार इस फरवरी में सिंगापुर में 583 लोग कॉन्सर्ट टिकट घोटाले के शिकार हुए। इस वजह से उन्हें 2.23 लाख डॉलर का नुकसान हुआ।

## मुझे मारना चाहते हैं, हमला किया गया; भाजपा को एक चुनौती दे बोले अरविंद केजरीवाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को भाजपा पर हमले की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए जोरदार हमला बोला। केजरीवाल ने उत्तर-पश्चिम दिल्ली के बादली में पदयात्रा के दौरान जनता को संबोधित करते हुए कहा कि कल मैं विकासपुरी गया था। उन्होंने (भाजपा ने) विकासपुरी में अपने गुंडों का इस्तेमाल कर मुझ पर हमला किया। क्या आप मुझे मारना चाहते हैं? अगर आपमें दम है तो चुनाव लड़िए। केजरीवाल ने कहा कि शुक्रवार को मेरे ऊपर हमला करवाया गया, ये लोग मुझे मरवाना चाहते हैं। क्योंकि इन्हें पता है कि यह चुनाव नहीं जीत सकते है। मैंने दिल्ली में 500 मोहल्ला क्लिनिक बनाये, इनकी 22 राज्यों में सरकार है इन्हें 5,000 मोहल्ला क्लिनिक बना देने चाहिए। मैं जेल गया तो दिल्ली चमका देते लेकिन भाजपा ने दिल्ली बर्बाद कर दी, चिंता मत करना, अब मैं आ गया हूं, सभी काम करवा दूंगा। इनकी कोई साजिश सफल नहीं होगी। केजरीवाल ने सरकार की मुफ्त सेवाओ का जिक्र करते हुए कहा कि अगर भाजपा सत्ता में आई तो यह मुफ्त बिजली, पानी, महिलाओं को बस यात्रा बंद करा देंगे। उन्होंने कहा कि मैं सत्ता का लालची नहीं, मुझे चिंता है कि दस साल में जो काम हुए वह रुकने नहीं चाहिए। दस साल पहले दिल्ली में बिजली के कट लगते थे। हमने उसे बिल्कुल बंद कर दिया है।

## सुर्खियों में आने के लिए दी थी दिल्ली एयरपोर्ट पर बम की झूठी धमकी, पुलिस ने आरोपी को दबोचा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर बम की झूठी धमकी देने के आरोप में 25 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने पुलिस के सामने कबूल किया कि वह हाल ही में सामने आई बम की झूठी धमकियों से प्रभावित था और उसने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचने के लिए ऐसा किया था।

आरोपी की पहचान उत्तम नगर निवासी शुभम उपाध्याय के रूप में हुई है। जांच के बाद उसे गिरफ्तार किया गया, जिसमें पता चला कि उसके सोशल मीडिया अकाउंट पर बम की झूठी धमकी दी गई थी। यह घटना 25 और 26 अक्टूबर की रात को हुई, जब दो सोशल मीडिया मैसेज में आईजीआई एयरपोर्ट पर बम की धमकी दी गई थी। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, इसके बाद एयरपोर्ट सिक्योरिटी ने मानक प्रोटोकॉल के अनुसार स्थिति की जांच करने को स्थानीय सुरक्षा एजेंसियों के साथ कॉर्डिनेट किया। इस संबंध में सेफ्टी ऑफ सिविल एविएशन एक्ट और भारतीय न्याय संहिता अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत भी मामला दर्ज किया गया। शुरुआती जांच में पुष्टि हुई कि यह एक फर्जी धमकी थी, लेकिन दिल्ली पुलिस ने मैसेजों के सोर्स का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच शुरू की। पुलिस ने टेक्निकल सर्विलॉन्स का उपयोग करते हुए शुभम उपाध्याय के अकाउंट का पता लगाया, जिसे बाद में उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने कहा कि पूछताछ के दौरान शुभम ने मैसेज भेजने की बात स्वीकार की। उसने दावा किया कि वह समाचारों में इसी तरह की घटनाओं से प्रभावित था और अपनी ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करना चाहता था।

## रोहिंग्या बच्चों को स्कूल ने नहीं दिया दाखिला, हाईकोर्ट में याचिका, एमसीडी को भी लपेटा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका (पीआईएल) में आधार कार्ड नहीं होने के कारण म्यांमार से आए रोहिंग्या शरणार्थी बच्चों को स्कूल में दाखिला नहीं दिए जाने के खिलाफ गुहार लगाई गई है। जनहित याचिका में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को भी लपेटा गया है। याचिका में एमसीडी की ओर से उसके स्कूलों में नामांकित म्यांमार के रोहिंग्या शरणार्थी छात्रों को वैधानिक लाभ देने से मना करने का भी उल्लेख किया गया है। एमसीडी के इस रवैये को मनमाना और गैरकानूनी करार दिया गया है। सोशल ज्यूरिस्ट नामक एक एनजीओ ने यह पीआईएल दाखिल की है। इसमें कहा गया है कि स्कूल का यह रवैया इन बच्चों के लिए शिक्षा के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करता है। याचिका में संविधान के अनुच्छेद 14, 21 और 21-ए का हवाला दिया गया है। याचिका में कहा गया है कि संविधान का उक्त अनुच्छेद और मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा के अधिकार का अधिनियम, 2009 के तहत अनिवार्य शिक्षा बच्चों का मौलिक अधिकार है। याचिका में यह दलील दी गई है कि एमसीडी स्कूल बच्चों को इस आधार पर दाखिला देने से मना कर रहा है कि उनके पास आधार कार्ड, बैंक खाते और यूएनएचआरसी की ओर से जारी शरणार्थी कार्ड को छोड़कर अन्य दस्तावेज नहीं हैं।

# दिल्ली में दिवाली तक बड़ा जल संकट, 60 से ज्यादा इलाकों में नहीं आएगा पानी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में दिवाली तक 60 से ज्यादा इलाकों में पानी की सप्लाई नहीं होगी। इन इलाकों में रहने वाले लोगों को लोगों त्योहारों पर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। दिल्ली जल बोर्ड ने इस संबंध में सूचना जारी की है। दिल्ली जल बोर्ड ने एक सूचना जारी कर कहा है कि दिवाली तक दिल्ली के 60 से ज्यादा इलाकों में पानी की सप्लाई बंद रहेगी। इन इलाकों में पूर्वी दिल्ली, उत्तर-पूर्व दिल्ली के अलावा दक्षिण दिल्ली और एनडीएमसी के कुछ इलाके शामिल हैं। जिन इलाकों में पानी नहीं आएगा, उनमें गोकुलपुरी, सोनिया विहार, करावल नगर, बाबरपुर, ताहिरपुर, दिलशाद गार्डन, नंद नगरी, शहादरा, लक्ष्मी नगर, गीता कॉलोनी, मयूर विहार, कोंडली, दल्लूपुरा, यमुना विहार, जाफराबाद, झिलमिल, मंडावली, लक्ष्मी नगर, शकरपुर, विवेक विहार, कड़कड़डूमा, जगतपुरी, शालीमार पार्क, कृष्णा नगर, पटपड़गंज, प्रीत विहार, विश्वकर्मा पार्क, ललिता पार्क, सीलमपुर, शास्त्री पार्क, ब्रह्मपुरी, कैलाश नगर, सराय काले खां, जल विहार, लाजपत नगर, मूलचंद हॉस्पिटल, ग्रेटर कैलाश, वसंत कुंज, देवली, अंबेडकर नगर, ओखला, कालकाजी, कालकाजी एक्सटेंशन, गोविंदपुरी, जीबी पंत पॉलीटेक्निक, श्याम नगर कॉलोनी, ओखला सब्जी मंडी, अमर कॉलोनी, दक्षिणपुरी, पंचशील पार्क, शाहपुर जाट, कोटला मुबारकपुर, सरिता विहार, सिद्धार्थ नगर, अपोलो, ग्रेटर कैलाश नार्थ, मालवीय नगर, डीयर पार्क, गीतांजलि, श्रीनिवास पुरी, ग्रेटर कैलाश साउथ, छतरपुर के अलावा एनडीएमसी से जुड़े इलाके शामिल हैं। दिल्ली जल बोर्ड ने कहा है कि 110 एमजीडी भागीरथी डब्ल्यूटीपी और 140 एमजीडी सोनिया विहार डब्ल्यूटीपी के कच्चा पानी का स्रोत यूपी के



मुरादनगर का गंग नहर है। यूपी सिंचाई विभाग ने वार्षिक रखरखाव की वजह से ऊपरी गंग नहर को 12 अक्टूबर 2024 रात से 31 अक्टूबर 2024 तक बंद कर दिया है। नहर के विभिन्न स्टोरेज से दोनों डब्ल्यूटीपी में पानी प्राप्त किया जा रहा था, जिसे 21 अक्टूबर से पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। इसके बाद से इन डब्ल्यूटीपी को पानी की आपूर्ति बंद हो गई है। भागीरथी और सोनिया विहार जल संयंत्र अब 31 अक्टूबर 2024 की रात तक कच्चे पानी के लिए यमुना नदी पर निर्भर हैं। लेकिन, यमुना नदी के कच्चे पानी में अमोनिया की मात्रा अधिक होने के कारण उसे स्वच्छ करना मुश्किल है। इसलिए भागीरथी और सोनिया विहार में उत्पादन क्षमता को 30 प्रतिशत तक कम कर दिया गया है।

दिल्ली जल बोर्ड ने लोगों को पानी का विवेकपूर्ण उपयोग करने की सलाह दी है। साथ ही कहा है कि जरूरत पड़ने पर पानी के टैंकरों के लिए इन टेलीफोन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं।

## फूट-फूटकर रोने लगे सत्येंद्र जैन, किस बात पर हो गए इतने भावुक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लंबे समय तक जेल में रहने के बाद जमानत पर बाहर निकले आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने एक बार फिर खुद को बेगुनाह बताते हुए कहा कि उन्हें झूठे मामले में फंसाया गया। जैन ने कहा कि 7 साल से सीबीआई जांच कर रही है, लेकिन अभी तक उनके खिलाफ जांच पूरी नहीं हो पाई है। एक इंटरव्यू के दौरान वह अपने परिवार और खासकर पिता का जिक्र करके फूट-फूटकर रोने लगे। उन्होंने बताया कि कैसे उनका परिवार शुरुआत में उनके चुनाव लड़ने के विरोध में था और फिर उन्होंने ही आगे बढ़ने को कहा।

अपने एक सहयोगी को दिए इंटरव्यू में सत्येंद्र जैन कहा कि जेल में उनके मन में इस बात का गिल्ट था कि परिवार को कहां फंसा दिया। उनकी तो कोई गलती नहीं थी, मुझे शौक चढ़ा था ना कि देश के लिए कुछ करूं, मेरे परिवार का क्या अपराध था। गिल्ट था कि अपने परिवार के साथ मैंने ऐसा क्या किया, दूसरा ख्याल यह आता था मन में कि मेरे साथ ऐसा क्यों हुआ जब मैंने कोई गलत काम नहीं किया। आप के यूट्यूब चैनल पर अपलोड किए गए इंटरव्यू में सत्येंद्र जैन अपने पिता की बात करते हुए भावुक हो जाते हैं। उन्होंने खुद को संभालने की



कोशिश की, लेकिन फूट-फूटकर रोने लगे। चुनाव लड़ने को लेकर पिता से हुई बातचीत और फिर उनके निधन की बात करके वह रोने लगे। जैन ने कहा कि कोरोना काल में वह स्वास्थ्य मंत्री के रूप में काम करते हुए इतने व्यस्त थे कि पिता के निधन पर एक दिन रो भी ना सके।

मनी लॉन्ड्रिंग केस में जेल गए सत्येंद्र जैन ने याद किया कि कैसे उनके पिता और पत्नी शुरुआत में उनके चुनाव लड़ने का विरोध कर रहे थे और फिर बाद में उन्होंने कहा कि अब पीछे नहीं हटना है। जैन ने कहा, जब 2012 में मुझे पहली बार टिकट मिला तो मेरे पिता ने कहा कि यह लुच्चे लफंगों का काम है। हम इज्जतदार लोग हैं। 2-3 दिन बाद ही मुझे एक प्रदर्शन के मामले में गिरफ्तार कर लिया गया। दो दिन तिहाड़ जेल में रहा। जेल में ही मैंने तय कर लिया था कि चुनाव नहीं लड़ूंगा। लेकिन बाहर निकला तो पिता ने कहा कि क्या सिर्फ लुच्चे-लफंगे चुनाव लड़ेंगे, शरीफ लड़ेगा तो उसे गिरफ्तार कर लेंगे। उन्होंने कहा कि अब चुनाव लड़ना ही है। इस दौरान उनका गला भरा रहा और आंखें नम थीं। दो बार वह फूट-फूटकर रोने लगे। जैन ने कहा कि जेल से वापस आने के बाद (2013 में) उनकी पत्नी चुनाव लड़ने के विरोध में थी लेकिन उन पर हुए एक हमले के बाद पत्नी भी साथ आ गई और कहा कि अब भले ही गोली मार दें चुनाव लड़ना ही है। सत्येंद्र जैन ने कहा कि उन्होंने जेल जाने के बाद एक साल तक अनाज नहीं खाया, क्योंकि 25 साल से उनका प्रण चल रहा था कि वह मंदिर जाने से पहले अन्न ग्रहण नहीं करेंगे।

## कनॉट प्लेस के पालिका बाजार में मिला चाइनीज जैमर, दिल्ली पुलिस ने टेली कम्यूनिकेशन विभाग को दी सूचना

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के प्रशांत विहार इलाके में सीआरपीएफ स्कूल के बाहर हुए धमाके की घटना के बाद से दिल्ली पुलिस संदिग्ध लोगों और सामान की लगातार जांच-पड़ताल कर रही है। इस दौरान कनॉट प्लेस थाना पुलिस ने पालिका बाजार से एक चाइनीज मोबाइल फोन सिग्नल जैमर बरामद किया है, जिसकी रेंज करीब 50 स्क्वायर यार्ड की है। वहीं, मध्य जिला पुलिस ने चोरी के 115 मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। कनॉट प्लेस थाना पुलिस ने यह चाइनीज मोबाइल फोन सिग्नल जैमर पालिका बाजार के एक दुकानदार पास से बरामद किया है। इस तरह के जैमर बनाने से लेकर इसे रखने व इसकी खरीद-बिक्री के लिए भी जरूरी दस्तावेज की आवश्यकता होती है, लेकिन यह जैमर बिना किसी दस्तावेज के होने के कारण अवैध था। पुलिस ने जब दुकानदार से पूछताछ की तो उसने खुलासा किया कि यह जैमर उसने न्यू लाजपत राय मार्केट से एक शख्स से 25 हजार रुपये में खरीदा था और वह महंगी कीमत पर इसे बेचना चाहता था। बहरहाल, पुलिस ने टेली कम्यूनिकेशन विभाग को इस बारे में सूचित कर दिया है।

**चोरी के 115 मोबाइल फोन बरामद :** दूसरी ओर पुलिस ने मध्य जिला से चोरी किए गए या लूटे अथवा झपटे गए 115 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। एक विशेष कार्यक्रम के तहत पुलिस ने इनमें से 96 मोबाइल फोन उनके मालिकों को सौंप भी दिए हैं। यह



कार्रवाई सड़कों पर होने वाले अपराध को लेकर चलाए गए विशेष अभियान के तहत की गई। पुलिस का दावा है कि इस प्रयास के तहत 2023 की तुलना में 2024 में मध्य जिले में झपटमारी से संबंधित पीसीआर कॉल में करीब 40 प्रतिशत कमी आई है, जबकि लूटपाट से संबंधित पीसीआर कॉल में 10 प्रतिशत की गिरावट आई है। बता दें कि, रोहिणी के प्रशांत विहार इलाके में 20 अक्टूबर को सीआरपीएफ स्कूल की दीवार के पास एक जोरदार धमाका हुआ था। इस धमाके में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन इससे आसपास की दुकानों के होर्डिंग्स और इलाके में खड़े कुछ वाहनों की खिड़कियों के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए थे। घटना से पहले वाली रात के एक संदिग्ध का सीसीटीवी फुटेज बरामद किया गया था।

# फ्लैट के 10व दाम देने के बाद खरीदार को नहीं मिलेगा धोखा, नोएडा प्राधिकरण का फैसला

**नोएडा , एजेंसी।** नोएडा में बिल्डर फ्लैट खरीदारों के साथ फ्लैट निरस्त करने, दूसरा फ्लैट देने जैसी गड़बड़ी नहीं कर सकेंगे। इसके लिए नोएडा में एग्रीमेंट टू सेल व्यवस्था लागू की गई है। इसमें फ्लैट खरीदार बिल्डर को कुल कीमत का 10 प्रतिशत पैसा देते ही एग्रीमेंट टू सेल करा सकेंगे। इसके बाद प्राधिकरण जब संबंधित परियोजना को अधिभोग प्रमाण पत्र जारी कर देगा और बकाया ले लेगा, उस समय फ्लैट की पूरी तरह रजिस्ट्री हो जाएगी। यह व्यवस्था ग्रुप हाउसिंग के नए आवंटन पर लागू होगी। यह निर्णय शनिवार को नोएडा प्राधिकरण की 215वीं बोर्ड बैठक में लिया गया। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने बताया कि रेरा अधिनियम के प्रावधान के अनुसार नोएडा प्राधिकरण ने फ्लैट खरीदारों के हित में एग्रीमेंट टू सेल कराने का निर्णय लिया है। फ्लैट की कीमत पर पांच प्रतिशत स्टांप ड्यूटी देते हुए इस एग्रीमेंट को निबंधन विभाग में रजिस्टर्ड कराना होगा।

**नए नियम से फ्लैट खरीदारों पर पड़ेगा दोहरा आर्थिक बोझ :** नोएडा प्राधिकरण ने ग्रुप हाउसिंग की नई परियोजनाओं के लिए एग्रीमेंट टू सेल (ब्रिकी समझौता) के नए नियम को हरी झंडी दी। महत्वपूर्ण यह है कि सरकार को इससे जल्द स्टांप का पैसा तो मिल जाएगा, लेकिन फ्लैट खरीदारों पर अधिक आर्थिक बोझ पड़ेगा। खरीदारों को एक ही फ्लैट की दो बार रजिस्ट्रेशन फीस देनी होगी। इसके अलावा



अतिरिक्त स्टांप फीस भी चुकानी होगा। फ्लैट खरीदारों की संस्था का कहना है कि एग्रीमेंट टू सेल के समय स्टांप फीस व रजिस्ट्रेशन फीस लिया जाना गलत है। इससे खरीदारों पर आर्थिक बोझ पड़ेगा। प्राधिकरण की तरफ से जल्द बिल्डरों के लिए ग्रुप हाउसिंग योजना लाई जा रही है। इन योजनाओं में फ्लैट बुक कराने वाले खरीदार जब फ्लैट की कुल कीमत का 10 प्रतिशत पैसा बिल्डर को दे देंगे तो उनको बिल्डर को उनके नाम एग्रीमेंट टू सेल करना होगा। एग्रीमेंट टू सेल के समय फ्लैट की कुल कीमत के हिसाब से पांच प्रतिशत स्टांप फीस व एक प्रतिशत रजिस्ट्रेशन फीस जमा करनी होगी। इसके बाद जब संबंधित परियोजना पूरी हो जाएगी, उस समय फ्लैट की ठीक पूरी प्रक्रिया के तहत रजिस्ट्री होगी। रजिस्ट्री के समय भी खरीदार को फ्लैट की कीमत के हिसाब से एक प्रतिशत रजिस्ट्रेशन फीस दोबारा से देनी होगी। इसके अलावा अगर उस समय तक संबंधित एरिया का सर्किल रेट बढ़ गया होगा तो स्टांप का अंतर भी देना होगा। इससे फ्लैट खरीदारों पर दोहरा आर्थिक बोझ पड़ेगा।

**100 रुपये के स्टांप पेपर पर होता है एग्रीमेंट :** अभी फ्लैट खरीदने बाद खरीदार और बिल्डर के बीच 100 रुपये के स्टांप पेपर पर एग्रीमेंट हो जाता है। इसको निबंधन विभाग में भी पंजीकृत नहीं कराया जाता है। ऐसे समझें खरीदार ने किसी परियोजना में एक करोड़ रुपये का फ्लैट खरीदा है। फ्लैट बुक करते समय खरीदार ने बिल्डर को दस प्रतिशत राशि के रूप में 10 लाख रुपये दे दिए। इसके बाद बिल्डर और खरीदार के बीच एग्रीमेंट टू सेल होगा। एग्रीमेंट टू सेल कराते समय फ्लैट की कीमत 1 करोड़ रुपये के हिसाब से 5 प्रतिशत स्टांप फीस यानि 5 लाख रुपये देने होंगे। इसके अलावा फ्लैट की कीमत 1 करोड़ के हिसाब से 1 प्रतिशत राशि यानि एक 1 लाख रुपये पंजीकरण राशि के रूप में देने होंगे।

## दिवाली वाले दिन पता चलेगा आईपीएल टीमें किन-किन खिलाड़ियों को करेगी रिटेन



**नईदिल्ली, एजेंसी।** बीसीसीआई ने आईपीएल की सभी 10 टीमों को अगले सीजन के लिए खिलाड़ियों को रिटेन करने की आखिरी तारीख 31 अक्टूबर तक की दी है। 31 तारीख तक सभी टीमें रिटेन किए जाने वाले खिलाड़ियों की सूची बीसीसीआई को सौंप देगी। 31 अक्टूबर को दीवाली है और इस दिन ही क्रिकेट फैंस को पता चल पाएगा कि किस टीम ने किस खिलाड़ी को रिटेन किया और किसे बाहर किया।

अब सवाल ये है कि इसका पता क्रिकेट फैंस को कैसे पता चलेगा तो चलिए इसके बारे में हम आपको बताते हैं। आईपीएल 2025 के लिए रिटेन किए जाने वाले खिलाड़ियों के बारे में पूरी जानकारी जियो सिनेमा पर दी जाएगी। जियो सिनेमा पर 31 अक्टूबर को शाम 4.30 बजे से इसके लिए विशेष कार्यक्रम पेश किया जाएगा और इसके जरिए पूरी जानकारी सबको उपलब्ध हो पाएगी। इसके जरिए खेल प्रशंसकों को आसानी से पता चल जाएगा कि किसे रिटेन किया गया है और किसे रिलीज किया जा रहा है।

फ्रेंचाइजियों के लिए अपने खिलाड़ियों को रिटेन करने की आखिरी तारीख 31 अक्टूबर है। टीमों को अधिकतम 6 खिलाड़ियों को रिटेन करने की अनुमति दी गई है, जिनकी कीमत क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे रिटेंशन के लिए 18 करोड़ रुपये, 14 करोड़ रुपये और 11 करोड़ रुपये है। वहीं चौथे रिटेंशन के लिए भी 18 करोड़ जबकि पांचवें रिटेंशन के लिए भी 14 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। एक खिलाड़ी को कोई भी टीम अनकैप्ड प्लेयर के रूप में रिटेन कर सकती है जिसके लिए 4 करोड़ रुपये की अनुमति दी गई है।

**आईपीएल 2025 रिटेंशन लाइव स्ट्रीमिंग की पूरी डिटेल**

क्रिकेट फैंस जियो सिनेमा ऐप और वेबसाइट पर इंडियन प्रीमियर लीग 2025 रिटेंशन की मुफ्त लाइव स्ट्रीमिंग का आनंद ले सकते हैं। जियो सिनेमा ने 31 अक्टूबर को अपने प्लेटफॉर्म पर इस इवेंट को मुफ्त में देखने की घोषणा की है।

**आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी कब होगी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की मेगा नीलामी की तारीख अभी घोषित नहीं की गई है। हालांकि यह अनुमान लगाया जा रहा है कि यह नवंबर के अंत या दिसंबर की शुरुआत में होगी।

## ब्राजील के फुटबॉल खिलाड़ी को तीन सेकेंड के भीतर दिखाया गया लाल कार्ड



**साओ पाउलो, एजेंसी।** ब्राजील के एक फुटबॉल खिलाड़ी को शीर्ष डिविजन मुकाबले में दौरान विरोधी खिलाड़ी को कोहनी मारने के लिए मैच शुरू होने के तीन सेकेंड के भीतर लाल कार्ड दिखाया गया। क्रुजेइरो के राफा सिल्वा ने एथलेटिको पेरेनाएंसे के केइके रोचा को मैच शुरू होते ही कोहनी मारी जिससे टीम को बाकी मुकाबला 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा।

रैफरी रोड्रिगो जोस परेरा डि लिमा ने क्रुजेइरो के 32 साल के खिलाड़ी सिल्वा को लाल कार्ड दिखाया जो फुटबॉल के इतिहास में सबसे जल्दी दिखाए गए लाल कार्ड में से एक है। क्रुजेइरो को इस मैच में 0-3 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

**डब्ल्यूटीटी चैम्पियंसः**

# मनिका बत्रा का सफर क्वार्टर फाइनल में हुआ समाप्त



**नईदिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रमंडल खेलों में कई पदक जीतने वाली मनिका ने तीनों गेम में विरोधी खिलाड़ी को अच्छी टक्कर दी, लेकिन चीन की खिलाड़ी ने महत्वपूर्ण अंकों पर बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। भारत की स्टार महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा का डब्ल्यूटीटी चैंपियंस टूर्नामेंट में सफर क्वार्टर फाइनल में ही समाप्त हो गया। मनिका को क्वार्टर फाइनल में चीन की कियान टियानयी के खिलाफ सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। मनिका से इस टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही थी, लेकिन दुनिया की 30वें नंबर की भारतीय खिलाड़ी को सिर्फ 25 मिनट में टियानयी के खिलाफ 8-11, 8-11, 10-12 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

राष्ट्रमंडल खेलों में कई पदक जीतने वाली मनिका ने तीनों गेम में विरोधी खिलाड़ी को अच्छी टक्कर दी, लेकिन चीन की खिलाड़ी ने महत्वपूर्ण अंकों पर बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। डब्ल्यूटीटी क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय मनिका ने शुक्रवार को दुनिया की 14वें नंबर की खिलाड़ी रोमानिया की बर्नाडेट जोक्स को 11-9, 6-11, 13-11, 11-9 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई थी।

टियानयी ने भी प्री क्वार्टर फाइनल में उलटफेर करते हुए दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी और शीर्ष वरीय हमवतन यिडी वैंग को 11-7, 11-9, 13-11 से शिकस्त दी थी। डब्ल्यूटीटी में हिस्सा ले रहीं एक अन्य भारतीय दुनिया की 25वें नंबर की खिलाड़ी श्रीजा अकुला को पहले दौर में ही दुनिया की 13वें नंबर की खिलाड़ी पुएर्टो रिको की एड्रियाना डियाज ने 6-11, 11-7, 11-1, 8-11, 11-8 से हराया था।




## शमी की अनुपस्थिति बड़ा झटका, लेकिन भारत के रिजर्व तेज गेंदबाजों को कम नहीं आंकेगे: मैकडोनाल्ड

**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड का मानना है कि अगले महीने से शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैच की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के दौरान भारत को मोहम्मद शमी की बहुत कमी खलेगी लेकिन उन्होंने कहा कि उनकी टीम इस अनुभवी तेज गेंदबाज की जगह लेने वाले तेज गेंदबाजों को कम नहीं आंकेगी। शमी ने 2018 में ऑस्ट्रेलिया दौरे में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

वह टखने की चोट के कारण पिछले साल नवंबर में वनडे विश्व कप फाइनल के बाद से नहीं खेले हैं। उनका ऑपरेशन किया गया। इसके बाद वह राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में थे। हाल में उनके घुटनों में सूजन आ गई जिससे उनकी पूर्ण फिटनेस हासिल करने की प्रक्रिया प्रभावित हुई। मैकडोनाल्ड ने कहा, 'मोहम्मद शमी की अनुपस्थिति उनके लिए बहुत बड़ा झटका है। जिस तरह से हमारे बल्लेबाज उनके जज्बे, उनकी लाइन और लेंथ और अपने काम के प्रति उनके समर्पण की बात करते हैं उसे देखते हुए भारत को उनकी कमी खेलगी। भारत ने दिल्ली के तेज गेंदबाज हर्षित राणा और आंध्र के ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी को पहली बार मौका दिया है।

तेज गेंदबाज आकाश दीप और प्रसिद्ध कृष्णा को भी ऑस्ट्रेलिया के दौरे के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। तेज गेंदबाजी विभाग की कमान जसप्रीत बुमराह संभालेंगे। मैकडोनाल्ड ने कहा, 'लेकिन हम जानते हैं कि पिछली बार क्या हुआ था। उनके रिजर्व खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करके भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी, इसलिए उनके खिलाड़ियों को बिल्कुल भी कम करके नहीं आंका जा सकता है।

**अंडर-23 विश्व चैंपियनशिपः**

## अंडर-23 विश्व कुश्ती में अंजलि ने जीता रजत, चिराग फाइनल में पहुंचे



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला पहलवान अंजलि ने अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप के 59 भारवर्ग में रजत पदक हासिल किया। वहीं, फ्री स्टाइल में चिराग ने 55 किग्रा भारवर्ग में कम से कम रजत पदक तय कर दिया है।

नेहा शर्मा (57 भारवर्ग), शिक्षा (65 ) और मोनिका (68 भारवर्ग) कांस्य पदक जीतने में सफल रहीं। नेहा और मोनिका ने चीन और शिक्षा ने जापान की पहलवान को हराया। ग्रीको रोमन में रामचंद्र मोरे (55 भारवर्ग) ने भी कांस्य पदक अपनी झोली में डाला।

सेमीफाइनल में इअली की अयुरोरा को चित करने वालीं अंजलि फाइनल में यूक्रेन की सोलामिया से अंकों के आधार पर हार गईं। चिराग का फाइनल में किर्गिस्तान के अबदीमलिक काराचोव से मुकाबला होगा। अठारह साल के चिराग ने लगातार तीन कुश्तियां जीतकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया है। अभिषेक गुप्ता (61 भारवर्ग), सुजीत (70 भारवर्ग) भी कांस्य की होड़ में हैं।

# लुईस का शतक, वेस्टइंडीज ने तीसरे और अंतिम वनडे में श्रीलंका को हराया




**पाल्लेकल (श्रीलंका), एजेंसी।** एविन लुईस के नाबाद 102 रन की मदद से वेस्टइंडीज ने शनिवार को वर्षा से प्रभावित तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत श्रीलंका को आठ विकेट से हराया। श्रीलंका ने 2-1 से श्रृंखला जीती। वर्ष 2021 से अपना पहला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेल रहे लुईस ने छक्के के साथ 61 गेंद में अपना पांचवां शतक पूरा किया और टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। इस सलामी बल्लेबाज ने 51 रन के स्कोर पर टखना मुड़ने के बावजूद खेलना जारी रखा। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 156 रन बनाए थे लेकिन इसके बाद बारिश के कारण पांच घंटे खेल रुका रहा और मैच को 23 ओवर का कर दिया गया। वेस्टइंडीज को 195 रन का लक्ष्य मिला और टीम ने 22 ओवर में दो विकेट पर 196 रन बनाकर जीत दर्ज की।

श्रीलंका को जीवनदान पाने वाले दोनों सलामी बल्लेबाजों पथुम निसांका (56) और अविष्का फर्नांडो (34) ने पहले विकेट के लिए 17 आवेर में 81 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत दिलाई। इसके बाद बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। दोबारा खेल शुरू होने पर कुसाल मेंडिस (नाबाद 56) ने शुरुआती चार गेंद पर चौके लगाए। निसांका ने रन आउट होने से पहले 58 गेंद में अपना 15वां अर्धशतक पूरा किया। मेंडिस ने सिर्फ 19 गेंद में अर्धशतक जड़ा। उन्हें भी दो जीवनदान मिले। उन्होंने 22 गेंद का सामना करते हुए नौ चौके और एक छक्का मारा। लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज ने 36 रन के स्कोर पर ब्रेंडन किंग (16) का विकेट गंवा दिया।

लुईस और कप्तान शाई होप (22) ने दूसरे विकेट के लिए 72 रन जोड़कर पारी को संवारा। होप के आउट होने के बाद लुईस और शेरफेन रदरफोर्ड (नाबाद 50, 26 गेंद, चार चौके, तीन छक्के) ने मोर्चा संभाला और एक ओवर शेष रहते टीम को जीत दिलाई दी। रदरफोर्ड ने सिर्फ 26 गेंद में अपना चौथा अर्धशतक पूरा किया।

# पीएम मोदी ने अर्जुन एरिगेसी को 2800 शतरंज रेटिंग पार करने पर दी बधाई





**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईएलओ 2800 रेटिंग क्लब में शामिल होना आसान नहीं है। इतिहास में अब तक केवल 16 खिलाड़ियों ने प्रकाशित रेटिंग में 2800 ईएलओ अंकों को पार किया है। अर्जुन की रेटिंग फिलहाल 2802.1 है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को भारतीय शतरंज खिलाड़ी अर्जुन एरिगेसी को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने लाइव शतरंज रेटिंग में अर्जुन एरिगेसी के 2800 अंक पार करने को अभूतपूर्व उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह एक बहुत बड़ी व्यक्तिगत उपलब्धि होने के अलावा कई अन्य युवाओं को शतरंज खेलने और वैश्विक मंच पर चमकने के लिए प्रेरित करेगा। पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद के बाद एरिगेसी 2800 ईएलओ रेटिंग को पार करने वाले केवल दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए थे। ईएलओ 2800 रेटिंग क्लब में शामिल होना आसान नहीं है। इतिहास में अब तक केवल 16 खिलाड़ियों ने प्रकाशित रेटिंग में 2800 ईएलओ अंकों को पार किया है। अर्जुन की रेटिंग फिलहाल 2802.1 है। हाल ही में अर्जुन ने भारत की ऐतिहासिक शतरंज ओलंपियाड जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। हंगरी के बुडापेस्ट में अर्जुन का प्रदर्शन शानदार रहा था। भारत के लिए तीसरे बोर्ड पर खेलते हुए उन्होंने 11 राउंड में नौ जीत और दो ड्रॉ दिए, जिससे भारत की टीम की जीत में महत्वपूर्ण योगदान मिला। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, लाइव शतरंज रेटिंग में 2800 अंक का आंकड़ा पार करने के लिए अर्जुन एरिगेसी को बधाई!

यह एक अभूतपूर्व उपलब्धि है। उनकी असाधारण प्रतिभा और दृढ़ता हमारे पूरे देश को गौरवांवित करती है। एक महान व्यक्तिगत उपलब्धि होने के अलावा, यह कई और युवाओं को शतरंज खेलने और वैश्विक मंच पर चमकने के लिए प्रेरित करेगा। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं।

# ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे दौरे के लिए पाकिस्तान टीम का ऐलान, अभी भी सामने नहीं आया कप्तान का नाम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में मिली शानदार जीत के बाद अब पाकिस्तान की टीम को ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है. ऑस्ट्रेलिया में पाकिस्तान टीम को वनडे और टी20 सीरीज खेलनी है. इस दौरे की शुरुआत 4 नवंबर से होगी. इसके बाद पाकिस्तान की टीम जिम्बाब्वे का दौरा करेगी. पाकिस्तान क्रिकेट के सेलेक्टर्स ने ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे के दौरे के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज के लिए बाबर आजम, नसीम शाह और शाहीन अफरीदी को टीम में चुना गया है. इन तीनों स्टार खिलाड़ियों को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बीच टीम से अलग किया गया था. लेकिन इन खिलाड़ियों को जिम्बाब्वे दौरे के लिए आराम दिया गया है. वहीं, मोहम्मद रिजवान ऑस्ट्रेलिया दौरे के अलावा जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे सीरीज का हिस्सा होंगे. वह भी टी20 सीरीज से बाहर रहेंगे.

**इन खिलाड़ियों के लिए बड़ा मौका**

ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए वनडे टीम में आमिर जमाल, अराफात मिन्हास, फैसल अकरम, हसीबुल्लाह, मुहम्मद इरफान खान और सैम अयूब को पहली बार शामिल किया गया है. दूसरी ओर जहानदाद खान और सलमान अली आगा पहली बार टी20 टीम में चुने गए हैं. वहीं, मोहम्मद हसनैन की लंबे समय के बाद टीम में वापसी हुई है.

**अभी भी नहीं हुआ नए कप्तान के नाम का ऐलान**

दरअसल, बाबर आजम ने हाल ही में वनडे और टी20 टीम की कप्तानी छोड़ी थी. ऐसे में ऑस्ट्रेलिया दौरे से टीम को नया कप्तान मिलेगा. लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट के सेलेक्टर्स ने टीम के ऐलान के साथ कप्तान के नाम का खुलासा नहीं किया है. पीसीबी की ओर से जारी की गई प्रेस



रिलीज के मुताबिक, कप्तान के नाम का ऐलान 27 अक्टूबर यानी आज दोपहर 4 बजे किया जाएगा.

**ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए पाकिस्तान की टीम**

वनडे टीमः आमिर जमाल, अब्दुल्ला शफीक, अराफात मिन्हास, बाबर आजम, फैसल अकरम, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह (विकेटकीपर), कामरान गुलाम, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मुहम्मद इरफान खान, नसीम शाह, सईम अयूब, सलमान अली आगा, शाहीन शाह अफरीदी.

**टी20 टीमः** अराफात मिन्हास, बाबर आजम, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह, जहांदाद खान, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मोहम्मद इरफान खान, नसीम शाह, ओमैर बिन यूसुफ, साहिबजादा फरहान, सलमान अली आगा, शाहीन शाह अफरीदी, सुफियान मोकीम, उस्मान खान.

**जिम्बाब्वे दौरे के लिए पाकिस्तान की टीम**

**वनडे टीमः** आमिर जमाल, अब्दुल्ला शफीक, अबरार अहमद, अहमद दानियाल, फैसल अकरम, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह (विकेटकीपर), कामरान गुलाम, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मुहम्मद इरफान खान, सईम अयूब, सलमान अली आगा, शाहनवाज दहानी और तैय्यब ताहिर.

**टी20 टीमः** अहमद दानियाल, अराफात मिन्हास, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह (विकेटकीपर), जहांदाद खान, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद हसनैन, मुहम्मद इरफान खान, ओमैर बिन यूसुफ, कासिम अकरम, साहिबजादा फरहान, सलमान अली आगा, सुफयान मोकिम, तैयब ताहिर और उस्मान खान.

# पत्रकार के साथ मारपीट करने के मामले का मामला भोपाल पंहुचा

## पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरूण यादव एवं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार नें भाजपा सरकार पर लगाये गंभीर आरोप

**पन्ना।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरूण यादव एवं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार नें प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में पुलिस व्यवस्था बेलगाम हो गई है उन्होने उदाहरण देते हुए कहा कि पन्ना जिलें में बृजपुर थाना प्रभारी भानू प्रताप सिंह के द्वारा पत्रकार सतीश विश्वकर्मा के साथ की गई मारपीट तथा उंगली तोड़ देने तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित उप निरीक्षक पर कार्यवाही नहीं किये जाने की घोर निन्दा की। तथा प्रदेश की भाजपा सरकार पर सवाल खड़े किये है। श्री यादव ने कहा कि प्रदेश में पुलिस बेलगाम हो गई आम जनता तथा बेगुनाहो के खिलाफ फर्जी मामला दर्ज कर रहे है तथा जो आरोपी है उनके खिलाफ कोई कार्यवाहीं नही कर रहीं है। इसी प्रकार का मामला पन्ना जिले का सामने आया है। पुलिस कार्यवाही को लेकर केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने कहा कि पन्ना जिले के पत्रकार उक्त मामले को लेकर विगत 15 दिन से आन्दोलन एवं प्रदर्शन कर रहे है। उसके बावजूद राजनैतिक दबाव के चलते संबंधित थाना प्रभारी के खिलाफ कार्यवाही नहीं की जा रहीं है। यह मामला भाजपा प्रदेश अध्यक्ष तथा सांसद वीडी शर्मा के क्षेत्र का है। उनका संरक्षण उक्त थाना प्रभारी को है इसी लिए कार्यवाही नहीं की जा रही है। इसी प्रकार नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि यह किस तरह की हिटलरशाही चल रहीं है संबधित थाना प्रभारी पर कार्यवाहीं नही की जा रही है, उल्टा पीड़ित के उपर ही फर्जी मामला दर्ज किया जा रहा है। उन्होने आंगे कहा कि आप के ग्रहमंत्री रहते हुए पुलिस इतनी बेकाबू हो गई, कि आपसे सम्हल नहीं रही है। इसी लिए पुलिस द्वारा पत्रकारो को भी निशाने पर लिया जा रहा है, जो अहसनीय कृत्य है।

## न्यायालय के आदेश पर हटाया जा रहा था अतिक्रमण

# जनकपुर में अतिक्रमण हटाने के दौरान हुआ जमकर हंगामा



**पन्ना।** पन्ना नगर के बार्ड न 28 जनकपुर मैं स्थानीय प्रशासन द्वारा उच्च न्यायालय के आदेश पर अतिक्रमण हटानें की कार्यवाही की जा रही थी। उसी दौरान संबंधित अतिक्रमणकारीयों द्वारा जमकर हंगामा किया गया तथा कार्यवाहीं को लेकर विरोध प्रदर्शन किया है। उक्त मामले के संबंध में फरियादी अरुण अग्रवाल ने पन्ना कोतवाली पहुंचकर परिवार सहित शिकायत दर्ज कराई है तथा बताया कि सन 2000 से जमीन को लेकर उच्च न्यायालय में प्रकरण चल रहा था तथा हम उक्त प्रकरण 2014 मैं केश भी जीत चुके और अतिक्रमण कारियों को अनुविभागीय अधिकारी द्वारा जेल भेजने की भी कार्यवाही भी की जा चुकी थी। उसके बावजूद संबंधित जमीन खाली नहीं की जा रही थी। मामले में संबंधितो द्वारा राजनीनामा भी कर लिया गया था। उसके बावजूद उनके द्वारा जमीन खाली नहीं की गई। जिसको लेकर फिर से न्यायालय की शरण ली गई थी। माननीय न्यायालय द्वारा प्रशासन को तत्काल जमीन मुक्त कराने के निद्रेश प्रशासन को दिये गये थें। जिस पर एसडीएम के आदेश पर तहसीलदार पुलिस तथा नगर पालिका द्वारा बीते दिवस अतिक्रमण की कार्यवाही की गई। इस दौरान संबंधितो द्वारा जमकर बबला किया गया। तथा पत्थरबाजी की गई एवं हम लोगो के साथ भी कुछ भी करने के लिए कह रहें है। इस लिए हम लोगो को जान का खतरा भी बना हुआ है। फरियादी पक्ष नें सुरक्षा व्यवस्था करने की मांग की है। फरियादी ने यह भी बताया कि वह जमीन हमारी वर्षो पुरानी है, तथा हमारा लगातार कब्जा है एवं दस्तावेज है, जिन लोगो द्वारा अतिक्रमण कर के मकान बनाये गये है उनके पूर्व से अन्य स्थान पर प्रधानमंत्री आवास बनें हुए है।

# छात्र छात्राओं को यातायात पुलिस द्वारा किया गया जागरूक



## सड़क दुर्घटना, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव को लेकर

**पन्ना।** सड़क दुर्घटना, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव को लेकर यातायात पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम एक्सीलेंस विद्यालय पन्ना में किया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह उपस्थित रही। जिनके द्वारा बताया गया कि समाज में महिलाओं एवं बालक/बालिकाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर नियंत्रण एवं लडके/लडकियों को समान अवसर प्रदान करना साथ ही समाज के हर स्तर पर व्याप्त लिंगभेद को कैसे समाप्त करना है, आज के पुरुष को सभ्य समाज के निर्माण हेतु रुढिवादी धारणाओं एवं पूर्वाग्रहों के चक्रव्यूह को तोडते हुये महिलाओं के विकास व सह-अस्तित्व का सहभागी बनाना है। कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक नीलम लक्षकार द्वारा बालक/बालिकाओं को ट्राफिक सिग्नल, रोड़ साइन, रोड मार्किंग, एक्सीडेण्ट के कारण, बचाव हेतु सावधानियाँ, राइट आफ वे, एमरजेंसी केयर, गुड सेमेरिटन (नेक व्यक्ति) योजना के संबंध में दी गयी विस्तृत जानकारी दी एवं दुर्घटनाओं को रोकने के लिए विस्तृत चर्चा की तथा सभी छात्र छात्रओं से यातायात नियमों का पालन रोड सिगनल रोड पर चलने का तरीका वाहन चलाने का तरीका बताया गया। इस दौरान यातायात स्टाप तथा विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाए छात्र छात्राए उपस्थित रहें।

# शराब के नशे में वाहन चलाने वालों पर की गई कार्यवाही



**पन्ना।** यातायात निरीक्षक नीलम लक्षकार द्वारा सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शराब के नशे मे वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान वाहन चालकों को ब्रीथ एनालाईजर मशीन द्वारा चेक किया, जिसमें 02 ट्रक चालक नशे की हालत में वाहन चलाते पाये गये, जिनके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया। ट्रक चालकों को माननीय न्यायालय द्वारा दस-दस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक नीलम लक्षकार ने कहा कि, शराब के नशे में वाहन चलाना एक गंभीर अपराध है और इससे कई लोगों की जान जा सकती है। इस तरह के वाहन चालकों पर सख्ती से कार्यवाही की जायेगी। हम आम जनता से अपील करते हैं कि वे शराब पीकर गाड़ी न चलाएं और दूसरों को भी ऐसा करने से रोकें।

# जे.के. सीमेन्ट कम्पनी में हुए हादसे में घायल मजदूरों का उपचार जारी

**पन्ना।** जिले की जे.के. सीमेन्ट कम्पनी अमानगंज हरदुआ कैम्प में जहां निर्माण के दौरान विगत दिवस दो मजदूरों को हादसे में घायल होने की खबर सुर्खियों में आ गई। कम्पनी के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने प्राथमिक उपचार करते हुए संबंधित घायल मजदूरों को सतना बिडला अस्पताल में उपचार के लिए भेजा था। जहां घायल मजदूरों का उपचार होना अभी भी प्रबंधन के द्वारा बताया जा रहा है। वहीं हादसों में इस तरह की घटनायें जहां घायल के बाद इलाज से जुड़े होने के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य को लेकर ही प्रयास कारगर किये जाना लाजमी है। वहीं देखना यह है कि संबंधित घायल मजदूर जिनकी बेहतर इलाज की बात वास्तविकता में कितना सुधार को लेकर समय लगेगा यह तो आने वाले समय में ही जाना जा सकता है। फिलहाल संबंधित मजदूरों के इलाज को लेकर अभी भी इलाज हालात बेहतरी को लेकर बताया जा रहा है।

# पुलिस ने शराब के नशे में ट्रक चलाने वालों पर की कार्यवाही

**पन्ना।** पुलिस मुख्यालय पी0टी0आर0आई0 भोपाल म0प्र0 के आदेशानुसार, पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस थोटा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पन्ना एस.पी. सिंह बघेल के दिशा निर्देशन में थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक नीलम लक्षकार द्वारा सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शराब के नशे मे वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान संचालित किया गया।

# प्रभारी मंत्री ने की समीक्षा

**पन्ना।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री तथा पन्ना जिले के प्रभारी मंत्री इन्दर सिंह परमार ने शुक्रवार को पवई के अल्प प्रवास के दौरान शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, पवई में विभिन्न विभागों के खण्ड स्तरीय अधिकारियों के साथ विभागीय गतिविधियों के क्रियान्वयन की समीक्षा की। इस मौके पर स्थानीय विधायक प्रहलाद सिंह लोधी सहित बृजेन्द्र प्रताप सिंह एवं डॉ. राजेश वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे एवं अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि, कलेक्टर सुरेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा भी उपस्थित रहे। प्रभारी मंत्री श्री परमार ने जनप्रतिनिधियों के साथ विभिन्न विकास कार्यों के संबंध में चर्चा की। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा भी विभिन्न निर्माण कार्यों व कानून व्यवस्था सहित शासन के निर्देशानुसार प्राथमिकता वाले कार्यों के संबंध में आवश्यक जानकारी से अवगत कराया गया। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय में आवश्यक निर्माण कार्यों की जानकारी लेकर छात्रावास का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी दिए। प्राचार्य अरविन्द त्रिपाठी से शैक्षणिक गतिविधियों के क्रियान्वयन की जानकारी भी ली। साथ ही पॉलीटेक्निक में विद्यार्थियों को प्रदत्त सुविधाओं तथा उपलब्ध संकाय एवं शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टॉफ उपलब्धता के बारे में पूछा। छात्र-छात्राओं के आवागमन के लिए वाहन व्यवस्था के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री द्वारा शैक्षणिक कक्ष, प्रयोगशाला और कॉलेज परिसर का निरीक्षण भी किया गया।

# बागै नदी पर हो रहे पुल निर्माण को लेकर क्षेत्रीय लोगों मे उत्साह



**पन्ना।** ग्राम पंचायत खोरा एंव भदैया के बीच मे बहने वाली बागै नदी मे एक साल से पुल निर्माण कार्य चल रहा है तथा वर्तमान मे निर्माण कार्य प्रगतिरत है। उक्त निर्माण कार्य क्षेत्रीय विधायक तथा तत्कालीन मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिह की पहल पर विधानसभा चुनाव के पूर्व बजट स्वीकृत कराकर कार्य प्रारंभ कराया गया था। ज्ञात हो कि इस क्षेत्र के लोगो के लिए यह पुल अति आवश्यक था। क्योकि लोगो को आने जाने में भारी असुविधा हो रहीं थी। तथा वर्षात के समय लोग एक गांव से दूसरे गांव नहीं जा सकते थें। बागै नदी पर पुल निर्माण की माँग काफी वर्षो से लोगो द्वारा की जा रही थी। तथा उक्त पुल निर्माण की मांग को लेकर अजयगढ क्षेत्रीय विकास संघ के संयोजक श्रीराम पाठक के नेतृत्व मे क्षेत्र वासियो द्वारा जल सत्याग्रह भी किया गया था। जिसमें क्षेत्र के सैकड़ो लोग शामिल हुए थें। इसी का परिणाम है कि उक्त समस्या को लेकर क्षेत्रीय विधायक द्वारा पहल करते हुए बागे नदी पर पुल स्वीकृत कराया गया था। जिसका काम चल रहा है। ज्ञात हो कि पुल के बनने से भदैया क्षेत्र का विकास तेजी से होगा तथा बरसात के समय होने वाली परेशानी से निजात मिलेगी, बागे नदी पर पुल न होने से कई ग्रामो के लोग पूरे साल परेशान रहते थे तथा बरसात मे भदैया क्षेत्र के छात्र छात्राये जान जोखिम मे डालकर नाव से या नदी तैरकर हायर सकेन्ड्री स्कूल खोरा पढने के लिये आते थे यही हाल गर्भवती महिलओ बीमार व्यक्तियो के साथ होता था आवा गमन की व्यवस्था न होने से तथा सही समय पर उचित चिकित्सा न मिलने से लोग असमय मौत का शिकर हो जाते थे लेकिन अब दो तीन साल मे पुल का कार्य पूरा हो जाने से सभी समस्याये दूर हो जायेगी तथा भदैया क्षेत्र के दर्जनो गाँवो का विकास होगा।

# अमानगंज नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र दुबे रज्जू भईया का दु:खद निधन



**पन्ना।** कांग्रेस पार्टी के कद्दावर नेता रहे तथा नगर परिषद अमानगंज के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार द्विवेदी रज्जू भैया का दु:खद निधन गत दिवस हो गया है। श्री दुबे क्षेत्र के कांग्रेस नेताओं में शुमार थें। उनके पिता हरवंश राय दुबे भी क्षेत्र मे एक बजनदार कांग्रेस नेता के रूप में जाने जाते थें। तथा अनेको बार वर्ष ग्रामं पंचायत अमानगंज के सरपंच भी रहे है। तथा क्षेत्र के राजनीति में दखल रखते थें। श्री दुबे के निधन पर क्षेत्र में शोक का माहोल कायम हैं। लोगो द्वारा उन्हे श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए इस गहन दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। ज्ञात हो कि राजेन्द्र दुबे वर्तमान नगर परिष्द अमानगंज के उपाध्यक्ष सौरभ दुबे के पिता है, उनका निधन नागपुर में ईलाज के दौरान हुआ है। जिनका अतिंम संस्कार नगर अमानगंज के शमासान घाट मे किया जायेगा।

# पन्ना नगर मे लगातार डेंगू का कहर जारी, महिला की मौत

पन्ना/पन्ना नगर में डेंगू व्याप्क स्तर पर फैल रहा है, जिससे आये दिन मौते हो रहीं है, नगर के बड़ा बजार निवासी रीना शिवहरे पति मुकेश शिवहरे उम्र 32 वर्ष की मृत्यु डेंगू के चलते हो गई है, जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि रीना शिवहरे दो दिन पूर्व एक दम स्वस्थ थी तथा 25 अक्टूबर को बच्चे का ईलाज कराने जिला चिकित्सालय गई थी। उसी दौरान अचानक स्वास्थ खराब हुआ और वह बेहोश हो गई, जिला चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के दौरान रेफर कर दिया गया। जिसका कटनी में कुछ देर ईलाज हुआ, उसके बाद जबलपुर के लिए रेफर किया गया। जबलपुर पंहुचने के पूर्व ही मृत्यु हो गई। बताया जाता है कि उनके बच्चे का भी ईलाज जबलपुर में चल रहा है तथा चाची का ईलाज सतना मे हो रहा है। उन्हे भी डेंगू बताया जा रहा है। फिलहाल बड़ा बजार में एक सप्ताह पूर्व दो लोग मुकेश मोदी तथा रिचा अग्रवाल की मृत्यु डेंगू के चलते हो गई थी। लगातार डेंगू बीमारी से होने वाली मौतो के कारण दहशत का माहोल कायम है। डेंगू में लोगो के लगातार प्लेटे घटती है एवं जिला चिकित्सालय में प्लेट बड़ाने वाली मशीन न होने के कारण बाहर ईलाज के लिए ले जाना पड़ता है। लेकिन उसके पंहुचने के पूर्व ही तथा ईलाज तत्काल न मिलने के कारण घटनाए घटित हो रही है।

# अवैध रूप से गांजा की खेती कर विक्रय करने वाले आरोपी को तीन वर्ष का कारावास व 25 हजार रूपये का जुर्माना

**पन्ना।** अवैध रूप से गांजा की खेती कर विक्रय करने वाले आरोपी को 03 वर्ष का कठोर कारावास एवं 25 हजार रूपये के जुर्माना माननीय श्रीमान इंद्रजीत रघुवंशी विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट के न्यायालय सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी पन्ना के ऋषिकांत द्विवेदी के बताये अनुसार घटना संक्षेप में इस प्रकार है कि, दिनांक 06.06.2020 को उपपुलिस अधीक्षक उदित मिश्रा ने थाना गुनौर में इस आशय की प्रथम सूचना रिपोर्ट लेख किया कि दिनांक 06.06.2020 को मय हमराही बल, स्वतंत्र साक्षी के मय विवेचना किट के रेड कार्यवाही हेतु ग्राम राजापुर रवाना हुआ था जो मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर रामभुवन मिश्रा को पकड़ा, मुखबिर की सूचना से अवगत कराया, स्वयं की तालाश लेने एवं बाड़े की तलाश लेने की सहमती ली जो रामभुवन मिश्रा द्वारा अपनी एवं बाडे की तलाश लेने की सहमति दिया, रामभुवन मिश्रा की तलाशी लेने पर पहनने के कपडो के अलावा कुछ नहीं होना पाया गया, रामभुवन मिश्रा के बाडे की तलाशी ली गई जो आंगन के बाजू में अवैध मादक पदार्थ गांजे के 10 पेड लगे पाये गये। गांजे के 10 पेड़ खुदवाये गये, खुदवाकर पेड़ो को समरस किया गया एवं समरस पंचनामा तैयार किया गया। गवाहों को रगडकर, चखकर, सुंघाकर दिखाया गया जो गवाहों ने मादक पदार्थ गांजा होना बताया। उक्त गांजा लगभग 14 किलो का तथा उसकी कीमत 70 हजार आंकी गई है। संबंधित मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत अभियुक्त रामभुवन मिश्रा के विरूद्ध अभियोग पत्र इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय इंद्रजीत रघुवंशी विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट के न्यायालय मे शासन की ओर से पैरवी करते हुए श्री सुनील कुमार द्विवेदी अपर जिला लोक अभियोजक द्वारा दौरान विचारण अभियोजन के साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लिपिबद्ध कराकर न्यायालय के समक्ष आरोपी के विरूद्ध आरोप को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपी का कृत्य गंभीरतम होने के कारण उन्हे कठोर से कठोरतम सजा दिये जाने का अनुरोध किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्कों एवं न्यायिक दृष्टांतो से संतुष्ट होते हुए न्यायालय द्वारा आरोपी रामभुवन मिश्रा को धारा-8/20(क)(प) एनडीपीएस एक्ट में 03 वर्ष का कठोर कारावास एवं 25000 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# संभागीय क्रीडा प्रतियोगिता का विधायक ने किया शुभारंभ





**पन्ना।** शालेय शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश के खेल कैलेंडर के अनुसार शिक्षा विभाग पन्ना के तत्वाधान में 68 वीं सागर संभागीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का गरिमामयी शुभारंभ छत्रसाल स्टेडियम नजर बाग में क्षेत्रीय विधायक तथा पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि श्रीमती मीना पांडे अध्यक्ष नगर पालिका और संतोष यादव उपाध्यक्ष जिला पंचायत पन्ना रहे। संभागीय कीड़ा प्रतियोगिता में सागर संभाग के सभी 6 जिलों सागर, टीकमगढ़, दमोह, निवाड़ी, छतरपुर और पन्ना के 288 खिलाड़ी और 25 टीम भाग ले रही हैं। जिसमें जूनियर एवं सीनियर बालिका और बालक वर्ग की खो खो प्रतियोगिताएं संपन्न होंगी। प्रतियोगिता का समापन 28 अक्टूबर को होगा। उद्घाटन समारोह मैं मुख्य अतिथि अतिथि बृजेंद्र प्रताप सिंह ने अपने उद्बोधन में खिलाड़ी छात्र छात्राओं से खेल प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने की अपेक्षा करते हुए कहा कि खेलों में अच्छे प्रदर्शन की दम पर आप जिला स्तर से संभाग, प्रदेश फिर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहुंच सकते हैं। उन्होंने कहा कि पन्ना में खेलों को बढ़ावा देने के लिए उनकी ओर से छत्रसाल स्टेडियम के लिए फुटबॉल कोच और बैडमिंटन हॉल में वुड कोर्ट बनवाने की व्यवस्था शीघ्र ही कर दी जाएगी। आभार प्रदर्शन शिक्षा विभाग के सहायक संचालक अमित जैन के द्वारा किया गया तथा संचालन शिक्षक राजकुमार रिछारिया ने किया। उद्घाटन कार्यक्रम में जिला परियोजना समन्वयक अजय गुप्ता, विकासखंड शिक्षा अधिकारी पन्ना अशोक कुमार मिश्रा राजेश मिश्रा जिला क्रीड़ा अधिकारी पन्ना, डीसीए पन्ना अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, सचिव शिवकुमार मिश्र, राजकुमार बिलथरिया मनोज खरे, पंकज श्रीवास्तव, समीम सिद्दीकी, अमित परमार, पहलवान सिंह, अवधेश खरे, मनीष दुबे, सेवा निवृत्त जिला कीड़ा अधिकारी अंजली श्रीवास्तव, निर्मल कुमार मिश्रा देव विश्वकर्मा मीना दीक्षित अनीता चौबे मुकेश त्रिवेदी धन प्रसाद शर्मा अयोध्या प्रजापति टेक बहादुर सिंह फहीम खान संदीप खरे सृष्टि श्रीवास्तव विभागुलाटी नम्रता दुबे बाबूलाल राजा भैया मोहम्मद जाबिर मुस्तकीम खान नवीन नामदेव असलम खान शिव प्रसाद प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, सोमवार 28 अक्टूबर 2024




मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सतना में आयोजित कार्यक्रम के उपरांत मध्यप्रदेश शासन के हेलीकाप्टर द्वारा रीवा एयरपोर्ट पहुंचे। मुख्यमंत्री डॉ यादव के साथ उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सीमा यादव भी थीं। रीवा एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री डॉ यादव का प्रदेश के पशुपालन मंत्री लखन सिंह पटेल, नगरीय विकास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सांसद रीवा जनार्दन मिश्र, विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, सहित भाजपा नेताओं ने स्वागत किया।



### सरदार पटेल के किसान कल्याण की भावना का ही मूर्त रूप है अमूल दुग्ध संघ

# सरदार पटेल ने अंग्रेजों द्वारा विभक्त भारत को अखण्ड बनाया: सीएम

### दुग्ध उत्पादक किसानों को दुग्ध सहकारी समितियों के माध्यम से मिलेगा बोनस



**रीवा/सतना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने अंगेजों द्वारा विभक्त भारत को अखण्ड बनाया। देश को आजाद करते समय अंग्रेजों ने इसे खण्ड-खण्ड करने का प्रयास किया। इस प्रयास को विफल करके सरदार पटेल ने अखण्ड भारत का निर्माण किया। रियासतों का एकीकरण सरदार पटेल की प्रतिभा, साहस और कौशल का बहुत बड़ा उदाहरण है। सरदार पटेल ने ही सोमनाथ मंदिर और द्वारिकाधीश मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया। उन्होंने अपने कार्यों से देश की सनातनी परंपरा को भी गौरवान्वित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सतना में सरदार वल्लभ भाई पटेल ट्रस्ट द्वारा आयोजित भव्य समारोह में देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरदार पटेल ने गरीबों और किसानों के लिए जीवन भर कार्य किया। सरदार पटेल के किसानों के कल्याण के सपने के रूप में गुजरात में दुग्ध उत्पादक संघ अमूल का गठन और विकास हुआ। इसने पूरे देश में श्वेत क्रांति ला दी। अमूल, किसानों के सहयोग और सहकार से बना संगठन है। अमूल, दुग्ध उत्पादक किसानों को अच्छी गुणवत्ता का पशु आहार, दुधारी पशुओं को बीमा सुरक्षा का लाभ तथा दीवाली पर किसानों को लाखों का बोनस देता है। मध्यप्रदेश में भी दुग्ध उत्पादक किसानों को सहकारी समितियों के माध्यम से दुग्ध संग्रहण के लिए बोनस दिया जायेगा। यह मध्यप्रदेश के किसानों के लिए सरदार पटेल के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार जनता के साथ मिलकर दीवाली तथा गोवर्धन पूजा मनायेंगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से अयोध्या में भव्य मंदिर में भगवान श्रीराम मुस्कुरा रहे हैं। हम सब हर्षोल्लास से दीवाली मनाकर अपना जीवन खुशियों से भरेंगे। उज्जैन में महाकाल लोक का निर्माण तथा बनारस में बाबा विश्वनाथ लोक का निर्माण हुआ है। उसी तरह चित्रकूट में श्रीराम लोक का निर्माण किया जायेगा। इसके लिए चित्रकूट विकास प्राधिकरण गठित कर प्रयास शुरू कर दिये गये हैं। मैहर में मां शारदा लोक का निर्माण किया जायेगा। अयोध्या की तरह मथुरा भी जगमग होगा। मुख्यमंत्री ने सतना में नगर निगम के सहयोग से लाईब्रेरी के संचालन, प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग सेंटर तथा छात्रावास बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार किसानों के कल्याण के लिए लगातार प्रयास कर रही है। हमने साइबर तहसील व्यवस्था लागू कर दी है। अब किसानों को जमीन के नक्शे, खसरे और नामांतरण के लिए तहसील कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने होंगे। आधुनिक संचार सुविधा के माध्यम से उन्हें घर बैठे इसकी सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने सरदार वल्लभ भाई पटेल ट्रस्ट की स्मारिका एकता का विमोचन भी किया।

पशुपालन एवं डेयरी विकास राज्यमंत्री लखन पटेल ने सरदार पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर सतना और मैहर जिले के नागरिकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सामाजिक संगठन ने ग्रामीण स्तर से लेकर जिला स्तर तक अपने संगठन का बहुत अच्छा विस्तार किया है। नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने कहा कि सरदार पटेल जैसी महान विभूति ने देश के निर्माण और एकात्म मानववाद की भूमिका में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सरदार पटेल के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए केवडिया गुजरात में विश्व का सबसे बडी प्रतिमा स्टेचू ऑफ यूनिटी देश में स्थापित की।

सांसद श्री गणेश सिंह ने कहा कि सरदार पटेल ने देश की एकता और अखण्डता के लिए अपना पूरा जीवन लगा दिया। उनके प्रयासों से ही स्वतंत्रता के बाद देशी रियासतों का एकीकरण होकर आधुनिक भारत का निर्माण हुआ। समारोह में पूर्व मंत्री श्री रामखेलावन पटेल ने संगठन के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को सामूहिक रूप से शपथ दिलाई। समारोह में विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी, विधायक चित्रकूट सुरेन्द्र सिंह गहरवार, महापौर योगेश ताम्रकार, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, उपाध्यक्ष सुस्मिता सिंह, पूर्व सांसद तथा पिछडा आयोग वर्ग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, पूर्व विधायक श्रीमती ऊषा चौधरी, पूर्व विधायक शंकरलाल तिवारी सहित जन-प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# दिवाली में शहर को बनाये साफ-स्वच्छ : ननि आयुक्त



**रीवा।** दीपों का त्योहार दिवाली में सभी की खुशियां और रोशन हो इस क्रम में निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार नगर निगम टीम एवं समाज सेवी संस्था अंकुर पाठशाला के सहयोग से जरूरतमंदों के त्योहार में रौनक लाने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत दिनांक 27 अक्टूबर 2024 को कलेक्शन वाहन के माध्यम से पुरानी सामग्री का संग्रहण संजय नगर, नेहरू नगर, इंद्रा नगर, बजरंग नगर, उपवन नगर बैंक कॉलोनी, सुंदर नगर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी और रामपुर कोठी हाउस झिरिया में नागरिकों द्वारा दिए गए अपने घरों का पुराना एवं अनुपयोगी सामान जैसे कपड़े, किताब, खिलौने, जूते एवं चप्पल आदि का कलेक्शन किया गया जिससे कि कम आय वर्ग वाले क्षेत्रों में जरूरत मंद लोगों की मदद की सके। एवं इसी क्रम में दिनांक 28 अक्टूबर 2024 को शहर के विभिन्न क्षेत्र जिनमें शांति विहार कॉलोनी, ब्रजमोहन धाम, पदम्धर कॉलोनी, सिन्धी कॉलोनी, रानीगंज, कटरा तलैया, प्रधान मार्ग, तरहटी और नगरिया दुर्गा मंदिर के पास सुबह 11:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक कलेक्शन वाहन द्वारा कलेक्शन किया जाएगा। कलेक्शन वाहन में पुराने कपड़े (अच्छी हालत में), खिलौने (बिना टूटे हुये), स्टेशनरी (नोटबुक्स, पेन, पेन्सिल आदि) एवं पटाखे, मिठाई आदि जमाकर योगदान किया जा सकता है। निगमायुक्त ने अपील की है कि शहरवासी इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और सभी अपना त्योहार खुशियों से मना सके।

# अनिल पटेल को ई-गवर्नेंस पर शोध के लिए पीएचडी की उपाधि



**रीवा।** भाजपा नेता अनिल पटेल को अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा ने कंप्यूटर साइंस में पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया है। उनका शोध ई-गवर्नेंस को बेहतर बनाने के लिए एआई आधारित नए मॉडल पर केंद्रित था। रीवा के अनिल कुमार पटेल को अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय ने कंप्यूटर साइंस में पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने डेवलपिंग इंटीग्रेटेड कंप्यूटेशनल फ्रेमवर्क फॉर एनहांसिंग ई-गवर्नेंस विषय पर शोध किया है। इस शोध में ई-गवर्नेंस को और बेहतर बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर आधारित नए कंप्यूटेशनल फ्रेमवर्क प्रस्तावित किए गए हैं। अनिल पटेल ने अपने शोध कार्य के दौरान कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय साइंस कॉन्फ्रेंस में भाग लिया और अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। उनके शोध कार्य का एक महत्वपूर्ण पहलू पेयजल समस्या से जुड़ा फ्रेमवर्क है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर जल और जल स्त्रोतों के संरक्षण मिशन से प्रेरित है। अनिल पटेल विंध्य क्षेत्र की प्रसिद्ध आईटी कंपनी विंध्य ग्रुप टेक्नोलॉजी और प्रो मेटा ट्रेड एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक और मैनेजिंग डायरेक्टर हैं। इसके अलावा, वे भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश के मीडिया सह प्रभारी भी हैं। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों, परिवार और भाजपा के साथियों को दिया है।

# सिरमौर में निजी पट्टे की जमीन पर अतिक्रमणकारियों ने बनाई झोपड़ी

### मौके पर पहुंचे एसडीएम, तहसीलदार एवं टीआई एसडीएम ने कहा तत्काल झोपड़ी हटाये अन्यथा कार्रवाई होगी





रीवा। नगर परिषद सिरमौर की आराजी नंबर 261/2/2,261/3,261/4,261/5से अतिक्रमण हटाए जाने के लिए एसडीएम आरके सिन्हा ने पुलिस प्रशासन एवम् तसीलदार को निर्देशित किया की भूमि स्वामी राकेश कुमार शुक्ला पिता कालिका प्रसाद शुक्ला शैलेंद्र कुमार द्विवेदी पिता बैद्यनाथ द्विवेदी अंसुइया पिता तीरथ प्रसाद गया प्रसाद पिता रामखेलावन सभी निवासी नगर परिषद सिरमौर के जिस पर ग्राम कररिया के आदिवासी वर्ग के लोग अतिक्रमण कर झोपड़ी बनाकर अतिक्रमण कर रहे हैं अतिक्रमण किए हुए वादग्रस्त भूमिया भूमि स्वामियों की है अति शीघ्र तहसीलदार पटवारी पुलिस प्रशासन जाकर अतिक्रमण हटाकर कार्रवाई कर एसडीएम कार्यालय को अवगत कराए इसी क्रम में टी आई जेपी पटेल अपने पुलिस दल बल के साथ एवम् नायब तहसीलदार मनोज शुक्ला,रमाकांत तिवारी ने मौके पर जाकर अतिक्रमण कारियो को समझाइस देते हुए अतिक्रण किए हुए आदिवासियों की जो झोपड़ी तैयार कर रहने लगे उनकी सूची तैयार कर पंचनामा तैयार किया गया लेकिन मौके पर सिरमौर हल्का पटवारी आर्या उपस्थित नहीं रहे तहसीलदार,एवम टी आई ने अतिशीघ्र झोपड़ी हटाने के लिए कहे लेकिन अतिक्रमण आदिवासी अपने बात पर अडिग रहते हुए कहे की हम लोग कहा जाए हम लोगो को शासन प्रशासन शासकीय जमीन उपलब्ध कराए तभी हम लोग जायेगे तब तहसील दार ने कहे की यदि आप लोग जबरन करेंगे तो कुछ नहीं मिलने वाला हैं बल्कि कार्य वाही होगी अब देखना यह हैं की झोपड़ी हटाई जायेगी या प्रशासन को अपना रुख बदलना पड़ेगा और भूमि स्वामियों को जमीन अतिक्रमण कारियो से मुक्त कराकर दिलाया जायेगा

## मैन्युअल स्केवेंजिंग जिला सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक आज

**रीवा।** मैन्युअल स्केवेंजिंग जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक 28 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है। बैठक में संबंधितों से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है।

### कले टर आज करेंगी टीएल पत्रों की समीक्षा

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 28 अक्टूबर को कलेक्टर सभागार में प्रात: 11 बजे से आयोजित बैठक में टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की निराकरण की समीक्षा करेंगी। सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं।

# एमपी में धनतेरस पर तूफान दाना का असर

### रीवा-सागर, जबलपुर-शहडोल संभाग में 3 दिन बारिश की संभावना, ठिठुरन भी बढ़ेगी

**रीवा।** मध्यप्रदेश में चक्रवाती तूफान दाना का असर धनतेरस पर दिखेगा। जबलपुर, शहडोल, रीवा और सागर संभाग में अगले तीन दिन बारिश और ठंडी हवाओं का अलर्ट जारी, तापमान में गिरावट से सर्दी में इजाफा होगा। मध्यप्रदेश में इस बार धनतेरस के अवसर पर मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। मौसम विभाग ने 27 से 29 अक्टूबर के बीच राज्य के पूर्वी जिलों, विशेषकर जबलपुर, शहडोल, रीवा और सागर संभाग में बारिश का अलर्ट जारी किया है। 29 अक्टूबर को धनतेरस पर चक्रवाती तूफान दाना के प्रभाव से इन जिलों में बूंदाबांदी हो सकती है, जिससे ठंड में इजाफा होगा। मौसम विभाग के अनुसार, चक्रवात तूफान दाना%के असर से हवा की गति में तेजी आएगी और प्रदेश के कई जिलों में बारिश हो सकती है। वर्तमान में कई जिलों में हवा की गति 10 से 20 किमी प्रतिघंटा है, जो तूफान के कारण और तेज हो सकती है। शनिवार को इंदौर, भोपाल, उज्जैन, जबलपुर और ग्वालियर जैसे प्रमुख शहरों में मौसम साफ और धूप खिली रहने की संभावना है, लेकिन रविवार से मौसम में बदलाव दिखना शुरू हो जाएगा।

### किन जिलों में रहेगा तूफान का प्रभाव

चक्रवात तूफान दाना का असर सबसे ज्यादा सागर, दमोह, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, मैहर, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला, बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जैसे जिलों में दिखेगा। इन क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ बारिश का अनुमान है। 28 और 29 अक्टूबर को जबलपुर, कटनी, बालाघाट, सीधी, सिंगरौली, रायसेन, नरसिंहपुर और बैतूल में भी गरज-चमक और बूंदाबांदी की स्थिति बनी रहेगी। मध्यप्रदेश में इस समय तीन तरह के मौसम का असर दिख रहा है। सुबह से लेकर दोपहर तक हल्की ठंड रहती है, जबकि दिन में धूप तेज होती है और रात में फिर से ठंड बढ़ जाती है। इसके साथ ही बदलते मौसम से कई लोगों की सेहत पर भी असर पड़ा है। गुरुवार-शुक्रवार की रात भोपाल, इंदौर, बैतूल और ग्वालियर जैसे शहरों में तापमान 17 से 20 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से कम है।

### पकड़े जा चुके हैं सभी आठ आरोपित

# रीवा दुष्कर्म मामले की फास्ट ट्रैक कोर्ट में होगी सुनवाई

**रीवा।** मप्र के रीवा जिले के गुढ़ थानांतर्गत हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में होगी। जिला मुख्यालय में पत्रकारों से चर्चा में रीवा रेंज के आइजी महेंद्र सिंह सिकरवार ने कहा कि हमारा प्रयास होगा कि 15 दिन के अंदर चालान पेश कर दिया जाए। आरोपितों को सख्त सजा मिले, इसके लिए पुलिस टीम प्रयासरत है। सभी आठ आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। आरोपितों के पास मिले मोबाइल में घटना से जुड़े वीडियो बरामद हुए हैं। पीड़िता ने भी बयान में आरोपितों पर दुष्कर्म के दौरान वीडियो बनाने की बात कही थी। छत्तीसगढ़ से पकड़े गए आरोपित के मोबाइल में यह वीडियो मिला है। सात आरोपितों को रीवा जिले से व एक को छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार किया गया है।

पीड़िता बोली- जान से मारने की धमकी देकर किया दुष्कर्म



पुलिस को दिए गए बयान में पीड़िता ने उल्लेख किया कि वह अपने पति के साथ दर्शन करने के लिए भैरव बाबा मंदिर गई थी। कुछ दूर स्थित एक चट्टान पर बैठकर पति के साथ बात कर रही थी, तभी एक के बाद एक पांच बदमाश मौके पर पहुंच गए। उन्होंने पति को पीटकर सिर पर कांच की बोतल फोड़ दी। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर बारी-बारी से दुष्कर्म किया और वीडियो भी बना लिया। वीडियो को इंटरनेट मीडिया में बहुप्रसारित करने की धमकी भी दी।

जिले के गुढ़ थानांतर्गत पति के साथ घूमने के लिए गई नवविवाहिता से 21 अक्टूबर को सामूहिक दुष्कर्म किया गया था। आरोपितों ने पीड़िता के पति को पेड़ से बांधा। फिर महिला को दूर ले जाकर वारदात को अंजाम दिया था। एफआइआर कराने के लिए पहुंचे पति को पुलिस ने करीब चौबीस घंटे तक चक्कर लगवाए। इसके बाद 22 अक्टूबर को दुष्कर्म का मामला दर्ज किया था। 25 अक्टूबर को पुलिस ने आठ आरोपितों को गिरफ्त में लिया था।

### पुलिस तक शिकायत नहीं पहुंचती

इस घटना पीड़िता द्वारा दिए गए बयान पर भी मोहर लगा दी है कि इस घटना के पूर्व भी इस तरह की घटनाएं हुई होगी। लोक लज्जा, एवं स्वयं के द्वारा की गई गलती को छुपाने के उद्देश्य से उन मामलों की शिकायत पुलिस तक नहीं पहुंची। कई बार बदनामी का डर या माता-पिता के सामाजिक अंपायर पर पढ़ने वाले प्रभाव को ध्यान में रखते हुए इस तरह की घटनाओं को छिपा लिया जाता है।

### ग्रामीणों ने बताया- नशेड़ियों का अड्डा बन गई है ये जगह

बातचीत के दौरान लोग कैमरा के सामने तो नहीं आए लेकिन उन्होंने यह बताने में गुरेज नहीं किया कि इस निर्जन स्थान पर अधिकतर असामाजिक तत्व एवं नशेड़ियों का आना-जाना बना रहता है। इसके बाद क्या था अचानक भोपाल की वह घटना याद आ गई, जिसमें कुछ साल पहले भोपाल से भोजपुर जाने वाले जोड़ों को स्थानीय लोग अपना शिकार बना लेते थे। सुनसान स्थान पर पहुंचने वाले इन जोड़ों में पुरुष को पैसों का इंतजाम करने के लिए भेजा जाता था और महिला के साथ ज्यादती की जाती थी। बदनामी के डर से लुटा पिटा जोड़ा चुपचाप रह जाता था लेकिन एक साहसिक युवती की जागरूकता और सूचना देने के बाद मामले में खुलासा हुआ था और कई लोग गिरफ्तार हुए थे। जिन्होंने दर्जनों लोगों के साथ ऐसी घटना कारित करना बताया था। इस मामले को नजीर मानते हुए अगर जमीनी स्तर पर बात की जाए और इसके पहले यह लोगों के साथ इस तरह की घटना हुई है। वह पुलिस के पास आए तो कई रहस्य से पर्दा उठ सकता है।

भैरव बाबा मंदिर के पीछे लगभग 100 कदम चलने के साथ ही निर्जन स्थान पर शराब की खाली पड़ी बोतले, डिस्पोजल गिलास, पानी की खाली पड़ी बोतले, आम के पत्ते से बनाई गई चिलम, सिगरेट की रैपर सहज ही देखे जा सकते हैं।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833